

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 134 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 20 मार्च 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर सत्ता पक्ष और विपक्ष ने देश की अंदरूनी समस्याओं पर विदेशी...

प्राथमिक शाला लामीखार में भारत माता प्रतिमा की ... पेज -8 पर





## श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

### चैत्र नवरात्र 2023 (22 मार्च से 30 मार्च 2023 तक)

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-**

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, सोनू ठाकुर 9300321666, विजय यादव 9300848100 माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, नरेश पटेल शाहपुर 626535044, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल (पत्रकार) 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400,मधुसुदन प्रधान 9754454815, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, उद्धव साव, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


## एक नजर

### दुर्लभ प्रजाति के जीव की तस्करी करते 3 शिकारी गिरफ्तार

करोड़ों रुपयों के सिल्क जब्त



**सूरजपुर।** वन विभाग ने घुइ वन परिक्षेत्र में पैंगोलिन की तस्करी करने की फिराक में घूम रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लगभग 10 किलो पैंगोलिन का सिल्क जप्त किया गया है। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में इसकी कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। दरअसल वन विभाग को सूचना मिली थी कि घूई रेंज के रामकोला इलाके में कुछ लोग पैंगोलिन के सिल्क को बेचने की फिराक में है। जानकारी मिलने के बाद DFO सूरजपुर ने टीम गठित कर एक सदस्य को ग्राहक बनाकर तस्करों के पास भेजा और उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

### कांकेर जिले को 143.92 करोड़ रूपये के 95 विभिन्न विकास कार्यों की दी सौगात

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त 25 मार्च तक: मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांकेर जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम करप में आयोजित कोसरिया मरार (पटेल) समाज के महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त की राशि 25 मार्च तक किसानों के खाते में पहुंच जाएगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कांकेर जिले में विकास कार्य निरंतर जारी है, स्कूल-कॉलेज खुल रहे हैं। मेडिकल कॉलेज की सुविधा के साथ हाट-बाजार में ग्रामीणों को नि:शुल्क इलाज मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कांकेर जिले के विकास के लिए 143.92 करोड़ रूपये की लागत के 95 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने कोसरिया मरार(पटेल) समाज के महासम्मेलन में छत्तीसगढ़ महतारी और कोसरिया मरार (पटेल) समाज की अराध्या देवी शाकम्भरी माता की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि व खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने शाकम्भरी माता को नमन करते हुए कहा कि उनकी जयंती के अवसर पर हमने अवकाश घोषित किया है।

मुख्यमंत्री ने कोसरिया मरार समाज को कांकेर में सामाजिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपये दिए जाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के लिए पहला छात्रावास कांकेर में खोला गया, जिसमें वर्तमान शैक्षणिक सत्र से 50 सीटर अन्य पिछड़ा वर्ग बालिका छात्रावास संचालित किया जा रहा है। अब संभाग मुख्यालय और कुछ बड़े जिलों में भी पिछड़े वर्ग के लिए छात्रावास खोलने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ने 01 अप्रैल से आर्थिक सर्वेक्षण कराने की घोषणा की है, सर्वे तीन बिंदुओं आवास, उज्जवला गैस कनेक्शन और शौचालय पर आधारित होगा। ताकि पिछले 12 वर्षों में इन योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में आज पूरे देश का 74 प्रतिशत लघु वनोपज खरीदा जा रहा है और उसका वैल्यू एडिशन भी हो रहा है। इससे वनांचल के लोगों की आय बढ़ी है।

# आफत की बारिश, मकानों पर गिरे पेड़, फसल बर्बाद

### कैंप की छत गिरी, 4 जवान घायल, 80 से ज्यादा गांवों की बिजली गुल





**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में बारिश ने तबाही मचाई है। बारिश के साथ आए अंधड़ ने CRPF कैंप के बैरक को भी तहस-नहस कर दिया है। हादसे में 4 जवान घायल हुए हैं। बस्तर, बीजापुर समेत अन्य कुछ जिलों में जमकर ओलावृष्टि हुई है। जिससे सैकड़ों किसानों की फसलें बर्बाद हुई है। दंतेवाड़ा में 10 से ज्यादा घरों के ऊपर पेड़ गिरे हैं। कई घरों की छत टूटी है। बिजली के पोल गिरने से करीब 80 से ज्यादा गांवों में बिजली गुल है। बारिश के साथ आए अंधड़ ने CRPF कैंप के बैरक को भी तहस-नहस कर दिया है। बारिश से करोड़ों रुपए का नुकसान है।

बस्तर जिले के अलग-अलग इलाकों में झामझम बारिश के साथ बर्फबारी हुई है। जिससे लगभग 500 एकड़ में लगाई गई मक्का, गेहूं समेत अन्य मौसमी सब्जियों की फसल बर्बाद हो गई है। जिससे किसानों को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। इधर , जिला प्रशासन के अफसर मौके पर जाकर फसलों के नुकसान का आंकलन करने की बात कह रहे हैं। बारिश के चलते संग्रहण केंद्रों में धान का उठाव भी नहीं हो पाया है। कई क्विंटल धान के बोरे भी भीग गए हैं। दंतेवाड़ा में बारिश के साथ आए अंधड़ ने जमकर तबाही मचाई है। गीदम के माधव पारा में करीब 10 से ज्यादा मकानों पर पेड़ गिरे हैं। हालंकि, कोई जनहानि नहीं हुई है। इस हादसे से कई परिवार बेघर हो गए हैं। फिलहाल प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

## नवरात्र से पहले 59 हजार रुपये प्रति दस ग्राम पहुंचा सोना, चांदी भी हुई महंगी



**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार के प्रभाव से शनिवार को सोने ने नया कीर्तिमान रचा है। रायपुर सराफा बाजार में सोना 59 हजार रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। चांदी भी प्रति किलो 68 हजार रुपये रही। सराफा विशेषज्ञों का कहना है कि अब दोनों कीमती धातुओं के दाम में बढ़ोतरी के ही आसार हैं। वहीं कारोबारियों का कहना है कि कीमतों में बढ़ोतरी का प्रभाव कारोबार पर नहीं पड़ा है। उपभोक्ता अपने बजट के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। संस्थानों में लाइटवेट गहनों की भी रेंज उपलब्ध है। ब्रांडेड सराफा कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं को रिझाने के लिए आकर्षक आफर भी लाए गए हैं, जिन्हें काफी पसंद किया जा रहा है। साथ ही बनवाइ में छूट और उपहार योजना का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। सराफा संस्थान अब अगले महीने पड़ने वाली अक्षय तृतीया की तैयारी में भी जुट गए है। गहनों की नई रेंज के साथ ही उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए आफरों की रणनीति बनाई जा रही है।

19 दिसंबर 2022

सोना प्रति दस ग्राम (स्टैंडर्ड) 53,650 रुपये और चांदी प्रति किलो 63,800 रुपये

### रायपुर में चार दिशाओं से निकली शोभायात्रा

# संतों पर बरसाए फूल, जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठी राजधानी

**रायपुर।** अखिल भारतीय संत समिति छत्तीसगढ़, सकल सनातन हिंदू समाज छत्तीसगढ़, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल छत्तीसगढ़ के बैनर तले आज रायपुर में हिंदू स्वाभिमान जागरण संत पदयात्रा निकाली गई। शहर के चार दिशाओं शोभायात्रा निकाली गई।

चारों दिशाओं से निकली शोभायात्रा हरदवे लाला मंदिर टिकरापारा पहुंची। इसके बाद यहां से रावणभाठा के लिए निकली। रथ पर विराजमान संतों का जगह-जगह स्वागत किया गया।

ढोल, नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ निकली





यात्रा का जगह-जगह गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। लोगों ने फूल बरसाकर संतों और पदयात्रा का अभिनंदन किया। इस दौरान चारों तरफ जय श्रीराम..., जय श्रीराम...की गूंज रही। राजधानी में धर्म सभा के आयोजन को लेकर सभी हिंदू संगठन, हिंदू समाज और अन्य समाज भी एकजुट नजर आए।

इस क्रम में रायपुर में आज चार दिशाओं से शोभायात्रा निकाली गई। बिलासपुर रोड स्थित मां बंजारी धाम, देवपुरी स्थित शदाणी दरबार, वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर और टाटीबंध स्थित राम मंदिर चौक से रावणभाठा धर्मसभा के लिए शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सभी समाज के लोग शामिल हुए। लोगों ने जगह-जगह फूल बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान जयश्रीराम..., जयश्रीराम के जयघोष से पूरा रायपुर गुंजयमान रहा।

# युवक की हत्या मामले में 11 आरोपी गिरफ्तार

### सरपंच समेत सभी आरोपियों ने लाठी-डंडों से की थी बेरहमी से पिटाई;आग लगाने का लगाया था आरोप



**धमतरी ए.।** धमतरी जिले के अर्जुनी थाना क्षेत्र में हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने सरपंच रिंकू सेन उर्फ पोषण सेन समेत 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम सरसोपुरी में शुक्रवार को आरोपियों एक युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। 17 मार्च को प्रार्थी भुनेश्वर यादव (42 वर्ष) निवासी ग्राम सरसोपुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसका भाई खिलेश्वर यादव गांव में मवेशी चराने का काम करता था। 3 भाइयों में खिलेश्वर मंझला भाई था। सभी अपने-अपने परिवार के साथ अलग-अलग मकान में रहते थे। 17 तारीख को तड़के 4 बजे गांव के खेत में रखे धान के पैरा में किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। धान का पैरा धू-धूकर जल गया।

### रायपुर-दुर्ग में छाए बादल... 20 मार्च तक हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान, दंतेवाड़ा-बीजापुर में बरसात

# छत्तीसगढ़ के कई जिलों में ऑरेंज और यलो अलर्ट

रायपुर। छत्तीसगढ़ के कई जिलों में रविवार को भी बादल छाए हुए हैं, वहीं कई जगहों पर हल्की बारिश हो रही है। राजधानी रायपुर की बात करें, तो यहां भी सुबह से ही बादल छाया हुआ है। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।



रायपुर का न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के कई जिलों में 20 मार्च तक बारिश की संभावना जताई है। प्रदेश के दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में भी रविवार को तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। आफत की इस बारिश से दंतेवाड़ा की व्यासायिक नगरी गीदम में करीब 10 से ज्यादा मकानों पर पेड़ गिर गए हैं। इससे घरों की छत टूट गई है। हालांकि, किसी जनहानि की खबर नहीं है। दंतेवाड़ा के कुआकोंडा इलाके में बिजली गुल हो गई है। करीब 70 से ज्यादा गांवों में बिजली नहीं है।



बीजापुर जिले में ओलावृष्टि भी हुई है। जगदलपुर में सुबह करीब 10 बजे तक ठंडी हवाओं के साथ बूंदाबांदी होती रही, लेकिन इसके बाद मौसम खुल गया है। यहां सुबह की हल्की बारिश के बाद धूप भी निकल गई है। कांकेर की बात करें, तो यहां भी रविवार को आसमान साफ है। जबकि शनिवार को चारामा-धमतरी रोड पर ओले गिरने के बाद यहां सड़क पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई थी। लोगों ने इसे अपने कैमरे में कैद कर लिया था।

लोगों ने कहा कि इस जगह को देखकर लग ही नहीं रहा है कि ये कांकेर है। यहां मौसम शिमला-मनाली जैसा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि इतने सालों में पहली बार उन्होंने इतने अधिक मात्रा में ओले गिरे देखे। बता दें कि समुद्र से बड़ी मात्रा में नमी प्रदेश आ रही है। इसी के कारण राजधानी में भी पिछले दो दिन से मौसम ठंडा बना हुआ है। आज पूरे दिन ठंडी हवाएं चलने की संभावना है। इसके साथ ही बस्तर के 80 गांव में बिजली गुल है। जावंगा में स्थित CRPF 231 बटालियन में बैरक की छत टूट कर नीचे गिर गई।

### राजिम-रायपुर रोड में बड़ा हादसा

# सवारी बस और टेंकर के बीच जोरदार भिड़ंत

**रायपुर।** प्रदेश में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। आय दिन सड़के खून से लतपथ होती नजर आ रही है, वहीँ तेज रफ्तार की वजह से कई लोग अपनी जान गवा रहे है, ऐसा ही एक हादसा आरंग से सामने आ आ रहा है, यहाँ एक यात्री बस और टेंकर के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत




### 9 यात्रियों की हालत गंभीर





हो गई हैं। इस हादसे में बस में सवार 9 यात्री गंभीर तौर पर जख्मी हो गए।

पूरी घटना आरंग थाना क्षेत्र के रसनी के पास की बताई जा रही हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने आसपास के लोगो की मदद घायलों को से बस से बाहर निकाला और अस्पताल रवाना किया। इस टक्कर में 9 यात्रियों को गंभीर चोट पहुंची हैं। बहरहाल पुलिस ने मामले में अपराध कायम कर जाँच शुरू कर दी हैं।

# कब गंगा को मिलेगी प्रदूषण से मुक्ति, बढ़ रही जीवाणुओं की संख्या

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब 2014 में बनारस से पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा था, तो उन्होंने कहा कि उन्हें गंगा मैया ने यहां बुलाया है। उनकी यह बात सुनकर बहुत से लोग भावुक भी हुए। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय गंगा संरक्षण परियोजना की अनेक खामियों को गिनाकर गंगा की अविरलता और निर्मलता के लिए नए सपने दिखाए गए और नमामि गंगे परियोजना प्रारंभ की गई। इसके लिए नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा का गठन किया गया।

गंगा की सफाई के लिए 20 हजार करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया। वर्ष 2019 तक गंगा को पूरी तरह निर्मल करने का आश्वासन भी दिया गया था, जिसके अंतर्गत गंगोत्री से गंगासागर के बीच में अनेक सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाए गए।

गंगा घाटों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद पटना के गांधी घाट और गुलाबी घाट पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जनवरी 2023 में कराए गए एक अध्ययन से पता चला कि 100 मिलीलीटर गंगाजल में टोटल कॉलीफॉर्म यानी खतरनाक जीवाणुओं की संख्या 1.60 लाख तक पहुंच गई है, जबकि यहां वर्ष 2021 में कॉलीफॉर्म की संख्या 16,000 थी। यह स्थिति शहर में बढ़ते अंधाधुंध सीवरेज के कारण है। गंगा में इतना ज्यादा प्रदूषण है कि यदि इसको फिल्टर भी किया जाए, तो यह स्वच्छ नहीं हो सकती है। वैसे बिहार में गंगा की यह स्थिति बक्सर से लेकर कहलगांव तक है।

उत्तर प्रदेश में भी मेरठ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी में जल शोधन के लिए जो 35 एसटीपी बनाए गए हैं, उनमें से 27 की क्षमता मानक के अनुसार नहीं है, यानी इन शहरों की जितनी गंदगी गंगा में जा रही है, वह पूरी तरह साफ नहीं हो पा रही है। यहां गंगा के किनारे के शहरों से लगभग 230 गंदे नाले बह रहे हैं, जो प्रतिदिन 2,450 एमएलडी गंदा पानी गंगा में उड़ेल रहे हैं। यहां सभी 35 एसटीपी प्लांट काम करने लगे, तो उनसे 1,493 एमएलडी गंदे पानी का शोधन होना चाहिए, लेकिन इनमें से केवल आठ-नौ एसटीपी भी पूरी



गंगा की सफाई के लिए नमामि गंगे परियोजना शुरू की गई। मगर वर्ष 2019 तक गंगा को पूरी तरह निर्मल बनाने के आश्वासन के बावजूद गंगा में खतरनाक जीवाणुओं की संख्या बढ़ती ही जा रही है।

तरह काम नहीं कर पा रहे हैं। इस बारे में पिछले दिनों इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश राजेश विंदल की खंडपीठ ने कहा है कि नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा का काम बहुत धोखा देने वाला है। यह पैसे बांटने की मशीन बन गई है। उच्च अदालत ने कहा कि जमीन पर काम नहीं दिखाई दे रहा है। अदालत ने पर्यावरण इंजीनियरों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाया।

दूसरी ओर जहां गंगा का उद्गम है, वहां की हालत चौंकाने वाली है। गंगोत्री और यमुनोत्री में आ रहे लाखों पर्यटकों द्वारा जमा हो रहे प्लास्टिक कचरे के ढेरों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। हालांकि उत्तरकाशी प्रशासन की कोशिश है कि पर्यटकों द्वारा फेंकी जा रही कोल्ड ड्रिंक्स और पानी की प्लास्टिक बोतलों को एकत्रित किया जाए। जो पर्यटक अपनी खाली बोतल कलेक्शन सेंटर में जमा करेंगे, उन्हें पांच रुपये भी दिए जाएंगे। पिछले वर्ष गोमुख ग्लेशियर के पास यात्रा सीजन में 10 हजार किलोग्राम से अधिक कचरा इकट्ठा हुआ था।

भारतीय वन्यजीव वैज्ञानिकों की एक टीम के द्वारा हाल में किए गए शोध से पता चला है कि गंगाजल को शुद्ध रखने वाले मित्र जीवाणु प्रदूषण के कारण तेजी से विलुप्त हो रहे हैं। भागीरथी नदी में गोमुख से लेकर देवप्रयाग तक कई स्थानों पर मित्र जीवाणुओं की संख्या बेहद कम हो गई है। यही स्थिति अलकनंदा नदी में माणा से लेकर देवप्रयाग तक बताई जा रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार, दोनों नदियों में जल को साफ रखने वाले जीवाणुओं का कम पाया जाना इस बात का संकेत है कि यहां पानी की गुणवत्ता ठीक नहीं है। माना जा रहा है कि ऑल वेदर रोड के निर्माण का मलबा सीधे नदियों में डाला जा रहा है। नदियों के किनारे बसे गांव व शहरों से निकलने वाला गंदा पानी भी बगैर ट्रीटमेंट के ही नदियों में सीधे प्रवाहित हो रहा है।

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ बीपी उनियाल और डॉ निखिल सिंह के शोध से यह बात सामने आई है कि बैटिरयाफोस बैक्टीरिया गंगाजल में उत्पन्न होने वाले अवांछनीय पदार्थ को खाते रहते हैं, जिससे गंगा जल की शुद्धता बनी रहती है।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, विष्णुप्रयाग से लेकर हरिद्वार तक गंगाजल पीने लायक नहीं है। हरिद्वार में तो गंगा में केवल नहा ही सकते हैं। नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा ने अब तक बद्रीनाथ से लेकर हरिद्वार तक 31 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगा दिए हैं, जो अभी पूरी तरह से गंगा में पहुंच रही गंदगी को नहीं रोक पाए हैं। उत्तराखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विशेषज्ञों की ओर से भी यह बात सामने आ रही है कि गंगा और यमुना में घुलनशील ऑक्सीजन की मात्रा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, रुद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी में जहां घुलनशील ऑक्सीजन की मात्रा 10 पाई गई, वहीं उत्तरकाशी में यमुना नदी में इसकी मात्रा 10, 8 मापी गई, जो निर्धारित मानक पांच से बहुत अधिक है।

सुरेश भाई

## संपादकीय

### अब विश्व मंच पर

जिस चीज के लिए बॉलीवुड तरसता रहा है, वह विश्व मंच पर गुणवत्ता के लिहाज से सराहना और सम्मान है। संभवतः इनके लिए इसे अभी और इंतजार करना होगा। इस बीच दक्षिण में बन रही उच्च तकनीक कौशल की फिल्मों ने इस मोर्चे पर झंडा गाड़ना शुरू कर दिया है। भारत का बॉलीवुड दशकों से दुनिया में मशहूर है। मनोरंजक फिल्में बनाने के साथ-साथ बड़ा कारोबार करने के लिए भी यहां की फिल्मों ने काफी पहले अपनी पहचान बना ली थी। पाकिस्तान- अफगानिस्तान से लेकर पश्चिम एशिया और अफ्रीका तक में बॉलीवुड की फिल्मों का बड़ा बाजार रहा है। लेकिन जिस एक चीज के लिए बॉलीवुड तरसता रहा है, वह विश्व मंच पर गुणवत्ता के लिहाज से सराहना और सम्मान है। संभवतः इनके लिए इसे अभी और इंतजार करना होगा। इस बीच दक्षिण में बन रही उच्च तकनीक कौशल की फिल्मों ने इस मोर्चे पर झंडा गाड़ना शुरू कर दिया है। इसके संकेत इस वर्ष गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स के समय ही मिल गए थे, जब आरआरआर फिल्म क गाने नाटू-नाटू को बेस्ट सॉन्ग का अवार्ड मिला था। अब इस गाने ने यही उपलब्धि ऑस्कर में भी दोहरा दी है। दरअसल 95वें ऑस्कर में एक साथ दो अलग-अलग भारतीय फिल्मों ने बाजी मारी है। तेलुगु फिल्म आरआरआर के साथ-साथ डॉक्यूमेंट्री द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने वहां पुरस्कार जीते हैं। आरआरआर के गीत नाटू नाटू को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग और द एलिफेंट व्हिस्परर्स को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शार्ट फिल्म के पुरस्कार से नवाजा गया।

## 15 राज्यों में एक ही दल की सरकार हो, तो भारत बन सकता है पीपुल्स रिपब्लिक

अमेरिकी संस्था फ्रीडम हाउस ने भारत का दर्जा घटाकर उसे आंशिक रूप से मुक्त लोकतंत्र करार दिया है। स्वीडन की संस्था वी-डेम ने भारत को निर्वाचित तानाशाही के रूप में वर्णित किया है। इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट के डेमोक्रेसी इंडेक्स में भारत खिसक कर 53 वें स्थान पर आ गया है। इस गिरावट में संसद के दोनों सदनों और उनके सदस्यों की भूमिका रही है। भारत के संसदीय लोकतंत्र के ह्रास पर पाठक मेरी सूची में अपनी टिप्पणियां भी जोड़ सकते हैं।

1. राज्यसभा की कार्यवाही से संबंधित प्रक्रिया नियमों के नियम 267 (लोकसभा में भी यही नियम है) के जरिये विपक्षी सदस्य जनहित के किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हैं। पिछले कुछ महीनों के दौरान दोनों सदनों में जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए इस नियम के जरिये प्रस्ताव रखे गए, जिनमें भारत में चीनी घुसपैठ से लेकर हिंडनबर्ग रिपोर्ट जैसे मुद्दे शामिल हैं। लेकिन सभापति ने ऐसे हर प्रस्ताव को खारिज कर दिया। निष्कर्ष: जहां तक भारत की संसद की बात है, तो वहां जनहित के महत्व का कोई अतिआवश्यक मुद्दा नहीं है, जिस पर उस दिन की कार्यवाही को रोक कर चर्चा की जाए। आपको यह विश्वास करना होगा कि भारतीय लोग इतने सुरक्षित, निश्चिंत और संतुष्ट हैं कि उनसे संबंधित कोई भी विषय संसद में तत्काल चर्चा के योग्य नहीं है।




### अध्यक्षीय प्रधानमंत्री

2. प्रधानमंत्री, यदि वह लोकसभा का सदस्य हो, तो वह सदन का नेता होता है। प्रधानमंत्री मोदी 17वीं लोकसभा के नेता हैं। वह शायद ही, सदन में उपस्थित होते हैं। वह हर साल राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर होने वाली बहस का जवाब देते हैं। मुझे उनके द्वारा किए गए किसी अन्य बड़े हस्तक्षेप की याद नहीं आती। प्रधानमंत्री मोदी संसद में प्रश्नों के जवाब नहीं देते; अमूमन कोई मंत्री उनकी ओर से जवाब देते हैं। (मेरी इच्छा थी कि हाउस ऑफ कामंस में हर बुधवार को होने वाले प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की तरह हमारे यहां भी प्रधानमंत्री का प्रश्नकाल हो।) संसद के प्रति मोदी का दृष्टिकोण उदाहरण के तौर पर, जवाहरलाल नेहरू, डॉ. मनमोहन सिंह या अटल बिहारी वाजपेयी से एकदम अलग है। प्रधानमंत्री प्रेसिडेंशियल (अध्यक्षीय प्रणाली के प्रमुख) बन गए हैं। यदि प्रधानमंत्री प्रेसिडेंशियल तरीके से काम करते हैं, तो भारत अधिक समय तक एक संसदीय लोकतंत्र नहीं रहेगा।

3. हाउस ऑफ कामंस की हर साल 135 बैठकें होती हैं। 2021 में लोकसभा की 59 बैठकें हुईं और राज्यसभा की 58। 2022 में लोकसभा और राज्यसभा की सिर्फ 56-56 बैठकें हुईं। व्यवधानों के कारण कई बैठकें पूरी तरह धुल गईं। अरुण जेटली का चर्चित कथन है, रुकावट वैध संसदीय रणनीति का एक हिस्सा है। 2010 का शीत सत्र एक मंत्री के इस्तीफे और एक जेपीसी के गठन की मांग को लेकर धुल गया था। उस सत्र में लोकसभा ने नियत समय के छह फीसदी और राज्सभा ने सिर्फ दो फीसदी समय का उपयोग किया। कालांतर में इस रणनीति में सुधार किया गया है। मौजूदा बजट सत्र (दूसरे भाग) में सत्ता पक्ष रोजाना व्यवधान डाल रहा है। कुछ बैठकें और अधिक व्यवधान संसद सत्रों को अप्रासंगिक बना देंगे। विधेयक, जैसा कि अतीत में किया गया, बिना बहस के ही पारित हो सकते हैं। हम विचार कर सकते हैं कि ऐसा समय आ रहा है, जब संसद साल में बिना किसी बहस के कुछ दिन बैठेगी, और हंगामे के बीच सभी विधेयकों को पारित कर देगी।

### बिना बहस के संसद

4. संसद के दोनों सदन बहस के मंच हैं। भारत की संसद में महान बहसें हुई हैं। 1962 के भारत-चीन युद्ध पर भी बहस की गई थी, जिसमें भारत को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा था। हरिदास मुंदड़ा की कंपनियों में जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के निवेश के आरोपों पर भी बहस की गई थी। बोफोर्स तोपों के आयात से घिरे आरोपों को लेकर कई बार बहस हुई।

पी. चिदंबरम

## मिला जुला

### एक नजर

#### बांग्लादेश में तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर खाई में गिरी, 17 लोगों की मौत; 30 घायल




ढाका। बांग्लादेश में रविवार को एक तेज रफ्तार बस के खाई में गिरने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई है। हादसे में 30 लोग घायल भी बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार एमाद परिभान द्वारा संचालित ढाका जाने वाली बस सुबह करीब साढ़े सात बजे मदारीपुर में एक एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित हो गई, जिसके चलते वो खाई में जा गिरी। पुलिस ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि कई घायलों की हालत गंभीर है। मदारीपुर के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मसूद आलम ने कहा कि घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। एक स्थानीय समाचार पोर्टल ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि लापरवाही से गाड़ी चलाने और बस में यांत्रिक खराबी के कारण यह दुर्घटना हुई।

#### फ्लाइट में शख्स ने सिगरेट पी, बेंगलुरु एयरपोर्ट पर गिरफ्तारी

बेंगलुरु. असम से बेंगलुरु जा रही इंडिगो की फ्लाइट में सिगरेट पीने के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान 20 साल के सेहरी चौधरी के तौर पर हुई है। वह असम के कचर जिले के गोविंदपुरा गांव का रहने वाला है। उसे फ्लाइट क्रू ने टॉयलेट में स्मोक करते पकड़ा था। फ्लाइट के केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड करते ही इस शख्स को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

### लंदन में दिए गए बयान पर राहुल गांधी की सफाई | लोकतंत्र पर केवल सवाल उठाया

#### जयशंकर बोले- संसद में बोलिए

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी इन दिनों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निशाने पर हैं। उनके द्वारा भारत के लोकतंत्र पर लंदन में दिए गए बयान को लेकर भाजपा उनसे माफी की मांग कर रही है। राहुल ने इस पूरे विवाद पर विदेश मंत्री एस जयशंकर की अध्यक्षता में भारत की जी-20 अध्यक्षता पर सलाहकार समिति की बैठक में विस्तार से बात की। सूत्रों ने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी लंदन यात्रा के दौरान की गई अपनी टिप्पणी पर सफाई दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस मामले में किसी अन्य देश से हस्तक्षेप करने के लिए नहीं कहा।



**कांग्रेस** के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने केवल भारत के लोकतंत्र के बारे में सवाल उठाए और वहां उपस्थित नेताओं से कहा कि उनका मानना है कि यह एक आंतरिक मामला है और वे इसे सुलझा लेंगे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि जिस तरीके से बीजेपी दावा कर रही है, मैंने उस तरीके से बात नहीं की।

राहुल गांधी ने बैठक के उद्घाटन सत्र के दौरान कोई टिप्पणी नहीं की। हालांकि बाद में उन्होंने विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। राहुल गांधी की टिप्पणियों का भाजपा सांसदों ने यह कहते हुए विरोध किया कि इस विषय पर बोलने के लिए यह उपयुक्त मंच नहीं है। इस दौरान कांग्रेस सांसद और भाजपा सांसदों के बीच गरमागरम बहस भी हुई। कमेटी के अध्यक्ष विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राहुल गांधी को टोकते हुए कहा कि उन्हें सिर्फ आज के विषय पर बोलना चाहिए।

#### मंत्री ने कहा- उन्हें जो बोलना है संसद में कह सकते हैं



भाजपा सांसदों ने कहा कि जब चर्चा चल रही थी तो कई लोग भारत के जी-20 की अध्यक्षता मिलने के विषय से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे थे। बीजेपी ने कांग्रेस पर सवाल उठाते हुए कहा कि आपातकाल भारत के लोकतंत्र पर सबसे बड़ा धब्बा था। राहुल गांधी ने आखिर में कहा कि कुछ सांसद संदर्भ से हटकर बोले और वह सभी का जवाब देंगे। विदेश मंत्री जयशंकर ने उन्हें बीच में टोकते हुए कहा कि बैठक के विषय पर चर्चा होनी चाहिए न कि केवल राजनीतिक विषयों पर।

विदेश मंत्री ने उनसे यह भी कहा कि उन्हें जो कुछ बोलना है वह संसद में कह सकते हैं। सलाहकार समिति की इस बैठक में कांग्रेस सांसद शशि थरूर, तृणमूल कांग्रेस सांसद शत्रुघ्न सिन्हा और शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने भाग लिया। बैठक में शामिल होने वाले भाजपा सांसदों में जीवीएल नरसिम्हा राव, डीटी राजदीप रॉय, महेश जेठमलानी और अनिल फिरोजिया भी शामिल थे। बैठक में विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

### अमित शाह से मिलने के बाद एक्शन में आए भगवंत मान

#### लिख दी अमृतपाल सिंह पर कार्रवाई की स्क्रिप्ट



**चंडीगढ़.** पंजाब पुलिस को 'भगोड़ा' खालिस्तान समर्थक और 'वारिस पंजाब डे' के प्रमुख अमृतपाल सिंह की तलाश है। वहीं, इस बीच एक रिपोर्ट यह भी सामने आई है कि अजनाला की घटना के बाद चिंतित केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को तलब किया था और सख्त कार्रवाई लेने के लिए कहा था। इसी मुलाकात के बाद भगंवत मान ऐक्शन में आए और फिर अमृतपाल के खिलाफ कार्रवाई की स्क्रिप्ट शुरू हुई। पंजाब पुलिस अमृतपाल के 78 साथियों को अरेस्ट कर चुकी है और चप्पे-चप्पे पर उसकी तलाश की जा रही है।

आईएसआई का एजेंट और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के सभी साथियों को पंजाब पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही अमृतपाल को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा, उसे बाइक से पुलिस को चकमा देकर भागते हुए आखिरी बार देखा गया था। तब से पुलिस टीम उसके संभावित ठिकानों पर तलाश कर रही है। इस बीच एक रिपोर्ट सामने आई है।

टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, अमृतपाल के खिलाफ ऐक्शन के पीछे अमित शाह हैं क्योंकि अजनाला थाने में हुई घटना के बाद से अमित शाह पंजाब में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंतित थे। उन्होंने इस संबंध में भगंवत मान को तलब भी किया था।

#### अमित शाह और भगवंत मान की मुलाकात

रिपोर्ट कहती है कि पिछले कुछ वक्त से केंद्रीय एजेंसियां पंजाब सरकार और पुलिस पर लगातार दबाव बना रही थी कि वे अलगाववादी ताकतों के खिलाफ सख्त ऐक्शन ले। इसके अलावा हाल ही में अमित शाह और भगवंत मान के बीच मुलाकात के दौरान भी यही मुद्दा उठा था। शाह ने मान से कहा कि राज्य सरकार को अलगाववादी भावनाओं को भड़काने की कोशिश करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

#### राज्यपाल से भी मिले थे मान

रिपोर्ट ने दावा किया है कि अमृतपाल और राज्य में पनप रही अलगाववादी ताकतों के खिलाफ ऐक्शन के लिए सीएम भगवंत मान ने पंजाब के राज्यपाल से भी मुलाकात की थी। अखबार ने कहा है कि अमृतपाल के खिलाफ ऐक्शन की एक प्रमुख वजह अमित शाह को धमकी देना भी माना जा रहा है।

### अमृतपाल समर्थकों का प्रदर्शन जारी, देर रात खोला था एक तरफ का रास्ता

#### सुबह एयरपोर्ट रोड फिर किया जाम



**चंडीगढ़.** खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह पर कार्रवाई के विरोध में शनिवार शाम को वाईपीएस चौक पर धरने पर बैठे कौमी इंसाफ मोर्चा में शामिल निहंगों ने तलवारों के साथ नारेबाजी की थी। इसके बाद उन्होंने गुरुद्वारा सिंह शहीदां की तरफ कूच किया और एयरपोर्ट रोड पर जाम लगा दिया। इसके बाद देर रात ढाई बजे एक तरफ का रास्ता खोल दिया गया।

#### आठ फरवरी को मोहाली-चंडीगढ़ सीमा पर हुई थी झड़प

वाईपीएस चौक पर सात जनवरी से धरनाकारी बंदी सिखों की रिहाई के लिए धरने पर बैठे हैं। चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर कौमी इंसाफ मोर्चे में शामिल निहंगों और पुलिस के बीच आठ फरवरी 2023 को हिंसक झड़प हो गई थी। इसमें पंजाब पुलिस के साथ चंडीगढ़ पुलिस के कर्मचारी भी घायल हो गए थे। इसके बाद से मोहाली-चंडीगढ़ सीमा पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

### राहुल गांधी के घर पहुंची दिल्ली पुलिस, श्रीनगर में दिए विवादित बयान से जुड़ा है मामला



नई दिल्ली. कांग्रेस नेता राहुल गांधी के श्रीनगर में दिए गए विवादित बयान के मामले में रविवार को दिल्ली पुलिस उनके आवास पर पहुंच गई है. बताया जा रहा है कि दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी और डीसीपी राहुल गांधी के घर के बाहर मौजूद हैं. वहीं, पुलिस के इस एक्शन के बाद कांग्रेस ने हल्ला बोल दिया है. एक-एक कर कई कांग्रेस नेता उनके आवास पर पहुंच रहे हैं. पवन खेड़ा, अशोक गहलोत, शक्ति सिंह गोहिल, अभिषेक मनु सिंहवी और जयराम रमेश राहुल के आवास पर पहुंच गए हैं. हालांकि पुलिस ने पवन खेड़ा को पहले घर के अंदर जाने से रोक दिया था, लेकिन बाद मे उन्हें परमिशन दे दी गई.

# जगदलपुर विधानसभा के अंतिम छोर चितालगुर और नेता नार पहुंची जनता कांग्रेस मुक्ति मोर्चा के नेता नवनीत चांद

सरपंच के घर में शोक की घटना पर हुए शामिल, ग्रामवासियों के साथ किया सवांद कहा सदैव साथ है







**जगदलपुर।** ग्राम चौपाल के दूसरे दिन नवनीत चांद के नेतृत्व में विधानसभा के अंतिम छोर चितालगुर और नेता नार पहुंची जनता कांग्रेस एवं बस्तर अधिकार ।चौपाल में जनता कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुक्ति मोर्चा प्रमुख नवनीत ने जनसमस्यायों को लेकर जनसंवाद किया ।इस दौरान नवनीत सरपंच के घर में हुए दुख की घटना पर आयोजित क्रिया कर्म रिवाज में भी शामिल हुए उन्होंने मृतक को श्रद्धांजलि दे दुखित परिवार को दी सांत्वना जनसवाद में ग्रामीणों ने वहां की समस्याओं से श्री नवनीत को अवगत कराया ।नवनीत ने कहा वे हमेशा ग्रामवासियों के साथ है हर तरह सम्भव कोशिश करेंगे कि यथासंभव सहयोग कर सकें। दौरे में मुख्य रूप से बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के पदाधिकारियों के रूप में नांगुर मंडल अध्यक्ष पीतम नाथ उपाध्यक्ष पकलू कश्यप ,महामंत्री दयतरी पवन और सोशल मीडिया प्रभारी ओम मरकाम व अन्य कार्यकर्ता एवं बहुतायत की संख्या में सीतापुर ग्राम पंचायत के सम्मानीय ग्राम वासी उपस्थित थे।

'आश्वासन नहीं समाधान' आन्दोलन

# राजधानी रायपुर में कोण्डागांव से शामिल हुए सैकड़ों कर्मचारी अधिकारी

समय रहते मांग पूरी नहीं होती है तो आने वाले समय में प्रदेश के स्कूल व समस्त कार्यालयों में कामकाज होगी ठप्प – केदार जैन

**फरसगांव।** ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा अपनी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर 3 सितंबर 2021 को प्रदेश बंद कराया गया था आंदोलन को संज्ञान में लेते हुए माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी ने समय सीमा तय करते हुए पिंगुवा कमेटी गठित की गई परंतु आज पर्यंत तक उक्त कमेटी द्वारा सरकार को रिपोर्ट नहीं सौंपी गई जिस कारण कर्मचारी जगत में रोष व्याप्त है इसी संबंध में 28 फरवरी 2023 को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा आयोजित बैठक में शासन के उपेक्षा पूर्ण रवैया को लोकतांत्रिक तरीके से विरोध एवं मांगों को निराकृत करते हुए शासन का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए 卐 आश्वासन नहीं समाधान आंदोलन卐 करने का निर्णय लिया गया है आंदोलन का प्रथम चरण में 3 मार्च 2023 को जिला ब्लाक



तहसील स्तरीय माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव जी के नाम ज्ञापन सौंपना तथा द्वितीय चरण 18 मार्च 2023 को रायपुर में प्रांत स्तरीय धरना प्रदर्शन आयोजन किया गया है जिसमें निम्नलिखित मांग शामिल हैं।

लिपिक संवर्ग,शिक्षा विभाग के समस्त शिक्षक एवं शिक्षक एल बी संवर्ग विभाग,महिला एवं बाल विकास विभाग ,वन विभाग,पशुपालन विभाग एवं अन्य कर्मचारी विभाग के वेतन विसंगति का निराकरण ,पूर्व सेवा की गणना लाभ एवं 17 सितंबर 2021 को गठित पिंगुवा कमेटी की रिपोर्ट सरकार को तत्काल सौंपी जाए

प्रदेश के कर्मचारी एवं पेंशनरों को लंबित 5प्र महंगाई भत्ता एवं सातवें वेतन मान के अनुसार गृह भाड़ा भत्ता स्वीकृत आदेश जारी किया जाने

जन घोषणा पत्र में उल्लेखित चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान स्वीकृति आदेश जारी किया जाने तथा प्रदेश के विभिन्न संगठनों द्वारा समय-समय पर अपनी मांगों को लोकतांत्रिक ढंग से शासन के समक्ष रखने के लिए रायपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत पंडरी स्थित पुराने बस स्टैंड को धरना स्थल घोषित किया जाए।

*सभा को संबोधित करते छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष केदार जैन ने कहा सरकार समय रहते कर्मचारियों के मांगों को पूरा करे नहीं तो प्रदेश के कर्मचारी अधिकारी उद्वेलित हैं वे फिर से बड़ा आन्दोलन करने बाध्य हो जाएंगे स्कूल सहित प्रदेश के सरकारी कार्यालय में काम काज पुरी तरह ठप्प हो जाएंगे जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी। नीलकंठ शार्दूल जिला संयोजक कोण्डागांव ने भी सभा को संबोधित किया।*

# मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा पर वृत्त स्तरीय कार्यशाला का किया गया आयोजन




**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना पर वृत्त स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 18 मार्च को वन विद्यालय जगदलपुर में किया गया। कार्यशाला में जगदलपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक श्री मोहम्मद शाहिद, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अरविंद नेताम,वृत्त के समस्त वनमंडलाधिकारी, मुख्य मंत्री वृक्ष संपदा योजना के 21 मार्च को सिंचित रोपण के किसान व हितग्राही तथा वन वृत्त के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक ने योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि 21 मार्च को मुख्य मंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा योजना के शुभारंभ किया गया था। सिंचित रोपण में क्या क्या सावधानियां बरतनी है तथा क्षेत्र तैयारी की समीक्षा की गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अरविन्द नेताम के द्वारा भी कार्यशाला को संबोधित किया गया तथा उनके द्वारा इस योजना को शासन की बहुत ही महत्वपूर्ण एवं किसानों के लिए बहुत ही लाभकारी योजना बताई गई । कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना में क्षेत्र तैयारी से लेकर पौधरोपण तक की महत्वपूर्ण तथा तकनीकी जानकारी कृषकों को तथा कर्मचारियों अधिकारियों को दी गई। कार्यक्रम में पूरे वृत्त से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कृषकों के बीच योजना को लेकर अत्यधिक उत्साह देखा गया।

कोंडागांव प्रतिभावान एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक जनों को किया सम्मानित

# जिला स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती पर बाँसकोट में साहू समाज ने निकाली भव्य झांकी एवं रैली

*कोण्डागांव। साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की 1006 वीं जयंती राजेश साहू जिलाध्यक्ष जिला साहू संघ कोंडागांव के नेतृत्व में स्थानीय साहू सदन से भक्त माता कर्मा एवं भगवान श्री कृष्ण की झांकी के साथ-साथ साहू समाज की माताओं एवं बहनों ने भव्य कलश यात्रा निकाली गई।*






इस भव्य महोत्सव के दौरान हजारों की संख्या में साहू समाज के लोग गाजे-बाजे, फटाके के साथ भक्त माता कर्मा, राजिम भक्तिन माता ,सत्यनारायण बाबा ,तेलीन सती माता एवं सत्य कबीर साहेब की गगन चुंगी जयकारे के नारे से गुंजायमान होते रहे। इस दौरान चारों तरफ बासकोट ग्राम माता कर्मा एवं भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में डूबे हुए दिखाई दे रहे थे। इस दौरान कई जगहों पर पूजा अर्चना एवं पुष्प वर्षा की गई ।सामाजिक जनों में कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह नजर आए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सैकड़ों किलोमीटर दूर दराज से सामाजिक लोग आए हुए थे। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान पूरे समाज के लोगो में एकजुटता दिखाई दिए। कार्यक्रम का पूरी कमान जिला अध्यक्ष राजेश साहू एवं महामंत्री बसंत साहू के नेतृत्व में जिला टीम के साथ-साथ तहसील एवं स्थानीय साहू समाज के लोगों ने संभाली थी। सभी सामाजिक जनों को दायित्व दिया गया ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके। जिससे सभी लोगों ने बखूबी निभाया। भक्त माता कर्मा की झांकी मेन रोड होते हुए शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान बासकोट में भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ सभा का शुभारंभ किया गया। जहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न होना था लेकिन मौसम खराब होने के कारण कार्यक्रम को वर्चुअल रूप से संबोधित किया।




# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोंडागांव जिले को 154 करोड़ से अधिक की राशि के 145 विकास कार्यों की दी सौगात

मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से करोडो के कार्यों का भूमिपूजन एवं करोडो के कार्यों का किया लोकार्पण

**फरसगांव।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोण्डागांव जिले के केशकाल विधान सभा के बांसकोट में भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर जिले को 154 करोड़ 10 लाख के 145 विभिन्न विकास कार्यों का वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें उन्होने 97 करोड़ 98 लाख के 22 कार्यों का भूमिपूजन तथा 56 करोड़ 11 लाख के 123 कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर बस्तर सांसद दीपक बैज, विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, आई जी बस्तर सुंदरराज पी., कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत प्रेम शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।






# मांझिनगढ़ को जैव विविधता पार्क के रूप में विकसित करने मुख्यमंत्री ने की घोषणा

मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अंतर्गत परिणय सूत्र में बंध रहे 101 जोड़ो को दिया आशीर्वाद

**फरसगांव।** मुख्यमंत्र भूपेश बघेल ने बांसकोट में केशकाल विधानसभा के ग्राम बांसकोट में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा की स्थापना, मांझीनगढ़ पर्यटन स्थल को जैव विविधता पार्क के रूप में जंगल सफारी की तर्ज पर विकसित करने तथा उप स्वास्थ्य केंद्र गम्हरी का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उन्नयन करने के साथ ही बांसकोट में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने एवं साहू सदन बाँसकोट में आहाता निर्माण की घोषणा की।

इसके अतिरिक्त उन्होंने जिले के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए केशकाल में इंडोर स्टेडियम निर्माण की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कोंडागांव जिले के बांसकोट में भक्त माता कर्मा जयंती तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल हुए। उन्होंने साहू समाज सहित क्षेत्रवासियों को भक्त माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी और मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अंतर्गत परिणय सूत्र में बंध रहे 101 जोड़ो को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने कोंडागांव जिले में 154 करोड़ के 145 विभिन्न कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया।




एक नजर

# भीरागांव ब में नंद कुमार बघेल का भव्य एवं कार्यकर्ता मिलन समारोह



**कोंडागांव ( प्रहरी संवाददाता )।** कोंडागांव में 17 मार्च को ग्राम पंचायत भीरागांव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिताजी नंद कुमार बघेल राष्टीय अध्यक्ष मतदाता जागृति एवं कल्याण मंच समिति के बस्तर संभाग प्रवास में कोंडागांव जिले के समीप ग्राम पंचायत भीरागांव ब के मंडई बाजार पसरा में पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता मिलन सम्मेलन में शिरकत कर कार्यकर्ताओं को भूपेश बघेल किसान का बेटा है छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है। किसानों के लिए कई कार्य योजना चलाया जा रहा है। जैसे नरवा गरल घुरवा एवं बाड़ी तथा गोबर से वर्मी कंपोस्ट खाद विभिन्न कार्य योजना चलाए जा रहे हैं । भूपेश बघेल का पुनः राज स्थापित करने का निवेदन एवं अपील कीया । ग्रामीणों ने बाजार शेड एवं रोड की मांग की । वहीं बघेल जी ने सरकार तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया । इस अवसर पर ग्रामीणों को शिक्षित होने के लिए जागरूक किया कहां कि जब तक शिक्षा आईएएस , आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर , वकील जैसे समाज में काम करने के लिये आसान होगी जब तक शिक्षित नहीं होगा तब तक सक्षम नहीं होगे वही बघेल ने एक बच्चे से पूछा क्या बनोगे तो बच्चे ने जवाब दिया कि मैं डॉक्टर बनूंगी तो बघेल जी भावुक हो गए और कहा किंतु मुझे इंजेक्शन मत लगाना , डर लगता है । ऐसे ही एसटी एससी ओबीसी को संगठित रहने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम के अवसर पर नंद कुमार बघेल मतदाता जागृति मंच आतिश वर्मा बाबा साहेब सेवा संस्था से मुकेश मारकंडेय ईश्वरी प्रसाद श्रीवास हितेंद्र श्रीवास भुवन मार्कंडेय भीरागांव ब ग्राम प्रमुख सरपंच मेहतुराम शोरी पूर्व सरपंच गंगाराम नेताम पुजारी पतरराम नेताम पटेल शंकर राम पटेल रसिकलाल नेताम सुरेश ध्रुव पंचुराम ध्रुव एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मिनी माता चौक पुलगांवः फुटपाथ पर कब्जा कर दुकान लगाने वालों को निगम ने हटाया



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम फाइट द बाइट अभियान का एक बड़ा हिसा है। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के नेतृत्व पर मोर शहर मोर जिम्मेदारी एवं फाइट द बाईट मुहिम के अन्तर्गत दुर्ग नगर निगम में प्रतिदिन वार्ड वार अभियान चल रहा है।इन गतिविधि पर विशेष फोकस किया जा रहा है जिंसमे प्रतिदिन नालियों की तली की सफाई,सार्वजनिक क्षेत्र की सफाई, लगातर झाड़ियों की कटाई,बाजार क्षेत्रो में दुकानदारो द्वारा झिल्ली पन्नी बेचने पर टीम द्वारा कार्रवाही के साथ जुर्माना भी लिया जा रहा है और मुक्कड़ की सफाई मच्छर उन्मूलन कार्य एवं मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए विशेष फोकस, सड़को पर सी एंड डी मलबे की साफ सफाई किया जा रहा है। आज मिनी माता चौक पुलगांव के आस पास से अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया। रोका – छेका शहर के मुख्य चौक चौराहों व गलियों से आवारा मवेशियों को पकड़कर गौठान में छोड़ा गया।शहर क्षेत्र के नहर नालाओ की सफाई के साथ साथ यातायात व्यवस्थित के अलावा चौक चैराहो के पोल से बैनर पोस्टर हटाने का कार्य किया गया। पुलगांव मिनी माता चौक से अमले ने सड़क फुटपाथ में समान फैलाकर अनाधिकृत रूप से व्यवसाय करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। स्थल से हटाकर सड़क, फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त कराया। अवैध रूप से सड़क के किनारे व फुटपाथ पर कब्जा कर पान ठेले,फल ठेले,कपड़े दुकान के बाहर समान, कपड़े व अन्य सामग्रियों को फैलाकर दुकानें लगाई जा रही थी। सड़क, फुटपाथ पर मुख्य मार्ग के किनारे दुकानें सजाने से अनावश्यक भीड़ एकत्रित होती थी, इससे सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी और आम नागरिकों एवम वाहन चालकों को आवागमन में असुविधा होती थी। शहर भ्रमण के दौरान आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने उक्त स्थल का निरीक्षण भी किया। निगम के अतिक्रमण दस्ते ने कार्रवाई करते हुए अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,सहायक भवन निरीक्षण विनोद मांझी द्वारा सड़क व फुटपाथ में दुकान लगाने लोगों को समझाइश दी गई।दिन निर्धारित कर पहुंच रहा दल- अभियान में वार्डो के घरों में अब तक स्वास्थ्य विभाग और निगम की टीम पहुंच रही है। निगम स्वास्थ्य विभाग कूलर आदि के साथ ही ऐसी जगहों पर जहां जलस्रोत होने की संभावना है नष्ट किये जाने की कार्रवाई की जा रही है।कार्रवाही के दौरान भुवनदास साहू,शशिकांत यादव,ईश्वर वर्मा सहित टीम अमला मौजूद रहें।

# दो थाना एरिया में महिला के गले से चेन स्नेचिंग, जुर्म दर्ज

**भिलाई ।** नेवई और वैशाली नगर क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने महिला के गले से सोने की चेन खींच कर भाग गए। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। नेवई पुलिस ने बताया कि आशीष नगर (पश्चिम) सड़क 5 रिसाली निवासी श्रीमती निशा साहू ( 56वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 जनवरी को बड़ी बहन अरुंधति साहू सड़क 11 आशीष नगर निवासी शाम को सब्जी खरीदकर पैदल अपने घर की ओर जा रही थी। सड़क 5 पर पीछे से दो अज्ञात लड़के मोटर सायकल सवार आये जो मुंह में स्कार्फ बांधे हुये थे। बाइक में पीछे बैठे हुए लड़के ने गले में पहने हुए सोने की चेन ( करीब 12 ग्राम ) को खींच कर भाग गया। इसी तरह से वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि शांति नगर निवासी कलावती गणेशानी (70 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 दिसंबर को अपने भाई के घर जाने के लिये घर से पैदल निकली थी। घर से लगभग 100 मीटर दूरी पर ही पहुंची थी कि एक एक्टिवा गाड़ी पर बैठे दो लड़के पीछे से आये और प्रार्थियां गले से चेन खींचकर भाग गये। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।

# सत्ता पक्ष और विपक्ष ने देश की अंदरूनी समस्याओं पर विदेशी जमीन पर बाते की पर माफ़ी एक ही क्यू मांगे

वशुधैव कुटुम्बकम, विश्वगुरु, विश्वबंधुतव का नारा सुन ही राहे है..

अगर इनका शाब्दिक अर्थ समझते तो यह बहस ही नहीं होती यैसे में इन सब नारो के बीच यह कहा जारहा है यह आदमी बाहर जाकर कह रहा फिर यह बाहर कैसे हुआ..

यैसे में यह कहना की कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा यह कहना की मोदी देश के लोकतंत्र को बर्बाद कर रहे है.. देश का अपमान है कैसे?

मोदी देश नहीं है मोदी भी एक विचार धारा का नेतृत्व कर सरकार में आए है यह बहस का विषय होसकता है की जिस विचारधारा से जनसंघ या बीजेपी का जन्म हुआ है उस मातृ संस्था का लोकतंत्र पर कभी विश्वास रहा है की नहीं.. क्युकी इतिहास में कई उदाहरण है जब वे इटली और जर्मनी के पूर्व तानाशाह शासकों के विचारो से प्रभावित दिखे है ...

एक सांसदीय लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका क्या है ?

विपक्ष का नेता विदेश जाए और कहे की हमारे यहा सावन की हरियाली है हमारी सरकार बहुत शानदार कार्य कर रही है बागो में बहार है...

यह करने के लिए तो प्रधानमंत्री और उनके सारे मंत्री विदेश जारहे है न.. विदेशों में

हाउडी मोदी ... अबकी बार ट्रंप सरकार करते रहे है न ...

विपक्ष का तो छोड़िए वर्तमान प्रधानमंत्री विदेशों में जाकर पूर्ववत सरकारों को कोसते रहे है...

2015 के भारत में पैदा होने पर शर्म आती थी वाला बयान..

मेरी भारत के लोग 70 साल तक अंधेरे में जीते थे... क्या आप मुझे आशीर्वाद देंगे..

मैं कोई राहुल गांधी का प्रशंसक नही पर राहुल गांधी ने जो बात कही है.. देखा जाय तो बहुत ही गंभीर है..

उन्होंने कहा की भारत की सारी आंतरिक मामले हमारे अपने है उससे कैसे निपटना है वह हम भारत में निपटेंगे पर साथ ही साथ उन्होंने कहा जितने भी राष्ट्र लोकतांत्रिक हैं उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए एक साथ आना होगा ।

उन्होंने अमेरिका और चाइना के लिए एक बात कही उन्होंने कहा की चाइना जहा लोकतंत्र नहीं वो देश दुनिया भर उत्पादन से संबद्ध सारी नौकरियां सारे स्टार्टप अपने यहां लेगया यह सारे लोकतांत्रिक राष्ट्रों के लिए चिंता का विषय है...

आगे कहते है अगर सारे लोकतांत्रिक राष्ट्र नौकरियां वापस नहीं ला पाएंगे यैसी स्थिति में हमारे युवाओं का क्या होगा..देश कैसे तरक्की करेगा. तो क्या लोकतंत्र खतरे में नही होगा..

राहुल गांधी जो भी लंदन में कहा उस पर बहस होसकती है पर हम क्या वो मुद्दे हम यहा भारत में नही उठा रहे है की देश की सारी संवैधानिक संस्थाए खतरे में है उन्हे कार्य नही करने दिया जरहा है.. नम्बे प्रतिशत से ज्यादा मामले ईडी सीबीआई द्वारा विपक्ष के नेताओं पर दर्ज किया जारहा है.. और दोषसिद्धि का प्रतिशत क्या है ?



यैसे तमाम उदाहरण है और हम सब भारत वासी महसूस भी करते है..

अभी हाल में ही सांसद राहुल गांधी को 45 मिनट तक संसद में बोलने का मौका दिया उनके भाषण में जहा जहा भी अदानी और मोदी के रिश्तों का जिक्र था उसे लोकसभा के रिकार्ड से हटा दिया उसके बाद उनका भाषण कितने मिनट का बचा.. इन प्रस्थितियो में मेरा मानना है की राहुल गांधी ने बड़ा ही उम्दा ही काम किया है.. पर हम यह कह सकते है की उन्होंने जो लंदन में बोला वह लंदन में क्यू बोला..पर यह सरकार और उनके समर्थक व नोएडा मीडिया जितनी चर्चा कर रहा है क्या उतना चर्चा कोई और कर रहा हैं क्या .. तो यह कहा जासकता है की संवाद के नजरो से अच्छा हुआ है क्युकी राहुल गांधी को इतना कवरेज उनके अन्य कार्यों व भारत जोड़ो यात्रा पर नही मिला...जितना उनके लंदन के केंब्रिज में दिए गए भाषण को मिल गया हैं।

प्रधानमंत्री बनने के बाद भी पहले के सरकारों को कोसते है और शर्मिंदा होने जैसे शब्दों का इस्तमाल करते है तब क्या देश के मर्यादा का हनन नहीं होता...

1976 की घटना है आपतकाल में स्व. जार्ज फर्नाडीज के ऊपर इनाम की घोषणा कर दी गई और साथ ही साथ यह घोषणा कर दिगई की उनका इनकाउंटर कर दिया जाय.. उन्हे कलकत्ता में गिरफ्तार कर लिया जाता है .. बीबीसी से लेकर उस समय के सभी मिडिया घराने को खबर कर दी गई की जार्ज फर्नाडीज की जान को खतरा है उस वक्त की जितनी विदेशो की सोशलिस्ट सारकरे थी उनके राष्ट्राध्यक्ष ने उस समय के प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को ट्रंकल और फोन के माध्यम से यह कहा की जार्ज फर्नाडीज को कुछ नही होना चाहिए तो क्या जार्ज फर्नाडीज देश द्रोही होगाये...

कल किस पार्टी का क्या इतिहास रहा है हम उसको पीछे छोड़ देते है उस नजरिया से न तो नरेंद्र दामोदर मोदी देश द्रोही है और न ही राहुल गांधी ..

सारे मुद्दो के पीछे की जड़ क्या है अदानी ग्रुप पर लगे आक्षेप.. कांग्रेस चाहती है इस मामले में जेपीसी का गठन हो पर सरकार सांसद में जेपीसी की गठन तो छोड़िए इस पर चर्चा को भी तैयार नहीं है बल्कि अदानी और प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर मोदी के रिश्तों पर राहुल गांधी द्वारा कहे गए सारे तथ्यों को लोकसभा के रिकार्ड से हटा दिया गया ..

यह क्या चार बार के चुने हुए सांसद की आवाज दबाना नहीं और क्या यह अलोकतांत्रिक नही है और क्या यह लोकतंत्र की हत्या नही है..

भारत सरकार के चार मंत्री ... राजनाथ सिंह ,किरण रिजिजु, स्मृति ईरानी और भारत के सत्ता पक्ष के चुने हुए सांसद संसद में देश द्रोह का आरोप लगाया और देश से माफी मांगनी चाहिए कहा तो उसका जवाब सांसद में ही तो दिया जाएगा... और सांसद राहुल गांधी को संसद में बोलने नही देना अलोकतांत्रिक नही है फिर लोकतंत्र का गला घोटा जारहा यह कहना क्या देशद्रोह है।

सोलह मिनट तक लोकसभा टीवी को म्यूट कर देना क्या अलोकतांत्रिक नही है ... इससे लोकतंत्र का गला नही घुटा ...

अंतिम बात अगर सत्ता पक्ष इस बात के लिए अड़ा है की राहुल गांधी को लंदन में बोले गए उनके वक्तव्य के लिए माफी मांगनी चाहिए तो नरेंद्र दामोदर मोदी को विदेश सियोल, चीन ,लंदन में बोले गए उनके वक्तव्यों के लिए भी माफी मांग कर देश के सामने नजीर पेश कर विपक्ष की जुबान बंद कर देना चाहिए बल्कि इससे भी एक कदम आगे बढ़कर अदानी मामले पर जेपीसी का गठन इस मुद्दे को ही खत्म कर देना चाहिए

.***राकेश प्रताप सिंह परिहार***
(वरिष्ठ पत्रकार व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति)

## समाचार सार

### पांचवीं में पढ़ने वाली 12 साल की छात्रा ने फांसी लगाकर दे दी जान



**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में 12 साल की मासूम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार , यह घटना पथरी गांव का है। 12 साल की मासूम कक्षा 5वीं में पढ़ती थी। बच्चों को डांटना या तो मां बाप पर भारी पड़ जाता है या फिर उन पर खुद ही। मां की डांट से नाराज होकर 12 साल की मासूम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### तेज रफ्तार कार ने मासूम को रौंदा

मौके पर हुई मौत , पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन चालक को पकड़ा



**बलरामपुर ।** जिले में तेज रफ्तार कार ने मासूम को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद पूरे गांव में दु:ख का लहर झा गया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंची। इस घटना के बाद वाहन लेकर चालक फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर वाहनचालक को पकड़ा लिया गया। यह पूरा मामला त्रिकुंडा थाना के नावाडीह मुख्य मार्ग का है।

### तालाब में डूबने से 9वीं के छात्र की मौत

तैर कर पार कर रहा था तालाब, थकने से बीच में ही डूबा



**भिलाई।** दुर्ग जिले के अमलेश्वर थाना क्षेत्र में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां के गांव जमराव में 9वीं कक्षा के छात्र की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि छात्र तालाब में नहाने के दौरान तैरकर दूसरे छोर में पर पहुंच गया और वापसी में वह बीच तालाब में पहुंचकर थक गया और डूब गया। मौके पर स्थानीय मछुवारों से उसे तलाशा लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया जिसने देर शाम छात्र का शव बाहर निकाला। मृतक छात्र अजय सोनवानी पिता लीलाधर सोनवानी (15) ग्राम जमराव रहने वाला था। लोगों ने बताया कि शनिवार को वह जमराव के तालाब में नहाने के लिए पहुंचा। छात्र अच्छा तैराक भी है और नहाने के दौरान उसने तालाब पार किया। बारिश के कारण ठंड कुछ ज्यादा थी। वापसी में अजय सोनवानी तालाब पार नहीं कर पाया और आधे तालाब में डूबने लगा। देखते ही देखते वह तालब में डूब गया। मौके पर मौजूद मछुआरों ने तालाब में छलांग लगाई लेकिन वे उसे ढूंढ नहीं पाए।

इसके बाद मौके से दुर्ग एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ को दोपहर 2 बजे इसकी सूचना मिली और टीम के सदस्य 3 बजे तक मौके पर पहुंचे। तालाब के पास पहुंचने के बाद एसडीआरएफ ने सर्चिंग शुरू की। लगभग तीन घंटे बाद शाम 6 बजे एसडीआरएफ की टीम ने छात्र को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद अमलेश्वर पुलिस ने आगे की कार्रवाई कर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

### आईएएस एन श्रीधर होंगे एनएमडीसी के नए सीएमडी, सलेक्शन बोर्ड ने किया चयन

**जगदलपुर ।** आईएएस एन श्रीधर देश की सबसे बड़ी सरकारी खनन कंपनी एनएमडीसी के चेयरमैन कम मैनेजिंग डायरेक्टर होंगे। भारत सरकार के पब्लिक इंटरप्राइजेस सलेक्शन बोर्ड ने आज दिल्ली में हुई अहम बैठक में श्रीधर के नाम पर मुहर लगा दी। सीएमडी सुमित देब के इस महीने रिटायर होने के बाद नए सीएमडी के चयन के लिए आज बैठक हुई। सुमित से पहले 85 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस एन बैजेंद्र कुमार सीएमडी रहे।

नए सीएमडी श्रीधर 1997 बैच के आईएएस अफ़सर हैं। वे आंध्रप्रदेश में तीन साल तक स्पेशल सिक्रेट्री टू सीएम की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इसके अलावा वे वारंगल, अनंतपुर, कृष्णा और रंगा रेड्डी जिले के कलेक्टर रहे हैं। आंध्र के काकीनाडा पोर्ट के डायरेक्टर भी। श्रीधर के साथ खास बात यह है कि वे जनवरी 2015 से सिंगरैनी कोल माइंस के सीएमडी का दायित्व संभाल रहे हैं।

## केलो नहर का मुआवजा वितरित करने नेतनागर में लगेगा कैंप

* नेतनागर के दूसरे छोर में 50 मीटर काम शेष, दो दिनों में कर लिया जाएगा पूरा

* सिंचाई विभाग तेजी से पूरा करवा रहा नहरों का काम

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

केलो परियोजना के तहत नहरों का निर्माण कार्य सिंचाई विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसमें भूमि अधिग्रहित किसानों को मुआवजा वितरित करने के लिए कैंप लगाया जाएगा। नेतनागर, रेंगालपाली और बड़माल के ऐसे किसान जिन्होंने मुआवजा प्राप्त नहीं किया है उन्हें राशि का वितरण किया जाएगा। इस संबंध में एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा ने बताया कि भू-अर्जन अधिनियमों के तहत केलो परियोजना के तहत नहर निर्माण के लिए जमीन का अधिग्रहण किया गया है। जिसकी मुआवजा राशि के चेक तैयार किए जा चुके हैं। जिसे किसानों को वितरित करने के लिए कैंप लगाया जाएगा।

नहरों के निर्माण के संबंध में जानकारी देते हुए कार्यपालन अभियंता पी.आर.फुलेकर ने बताया कि नहर का काम नेतनागर की दूसरी छोर की ओर से चल रहा है। यहां करीब 200 मीटर का काम किया जाना था। जिसमें से लगभग 50 मीटर का काम शेष बचा है। जिसे अगले दो दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि झलमला तक नहर का काम पूरा किया जा चुका है। जहां इस बार किसानों को नहर से पानी मिला है। उन्होंने बताया कि केलो बांध से नेतनागर का इलाका करीब 27 मीटर डाउन पर है, ऐसे में पानी नहीं पहुंचने जैसी कोई बात नही है। पिछले दिनों रेंगालपाली और बड़माल के किसानों ने कलेक्टर सिन्हा से मुलाकात कर वहां नहरों का काम अगले खरीफ से पहले पूरा करवाने की बात रखी है। वहां भी जल्द काम पूर्ण करवाया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नहरों का काम दिसंबर 2023 तक पूरा करना है। 313 कि.मी.में से 248 किमी लंबाई का काम किया जा चुका है, मुख्य नहर और शाखा नहर के बाद अब वितरक और लघु नहरों का काम जारी है। उन्होंने कहा कि केलो नहरों का काम पूरा होने से रायगढ़ के 167 गांवों और सक्ती के 8 गांवों में किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इससे 22 हजार 810 हेक्टेयर का रकबा सिंचित होगा। उन्होंने बताया कि नेतनागर, रेंगालपाली और बड़माल में कार्य पूर्ण होने पर 860 हेक्टेयर में सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इसके साथ ही पेयजल और निस्तार के लिए पानी मिलेगा। नहरों के बनने का एक फायदा भू-जल रिचार्ज होने से भी होगा।

## वन बंधु परिषद का होली मिलन समारोह संपन्न, फूलों की होली के साथ फाग गीत का आनंद

जोहार छत्तीसगढ़-



**रायपुर।** वन बंधु रायपुर चैप्टर महिला समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया की अवंती विहार स्थित सृष्टि प्लाजो में समारोह का आयोजन हुआ जिसमें परिषद के सभी पदाधिकारियों ने फूलों की होली खेली।

श्रीमती राठी ने बताया की इस दौरान मजेदार खेल, हाउजी के साथ संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका समापन फाग गीत के साथ हुआ। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष दीपक भीमसरिया,सचिव चंदन जैन, सह सचिव अनिल मूंदड़ा,अनिल डागा, महिला समिति अध्यक्ष कांता सिंघानिया, उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल, सचिव साधना दुग्गड़ ,लोकेश जैन,सविता गुप्ता, जानकी गुप्ता, आरती अग्रवाल, भूमिका गजपाल,किरण अग्रवाल, डा.मीनाक्षी बाजपाई,अंजली अग्रवाल,उषा लुनावत, सविता राठौर, गायत्री राठौर,नेहा अस्पलिया, शीला राठी, प्रेमलता टॉवरी, स्नेहा डागा, चंद्रा अग्रवाल, डा माधुरी अग्रवाल, मीना अग्रवाल, दीपक अग्रवाल,ललिता अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, सुभांगी आप्टे, त्रिवेणी अग्रवाल, अंगूरी अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, मधु जैन, शताब्दी पांडे, डा. ममता साहू, सुलोचना बंका,गोपाल टावरी, मांजी भाई पटेल, कन्हैया लाल सोनी , अजय मिश्रा, डा. गोपा शर्मा, संगीता जैन,बॉबी जैन, कविता खुडीया डा.संध्या साहू, प्रीति शर्मा, काजल जैन, सोनल मुंदडा सहित प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बता दे की वनबंधु परिषद का लक्ष्य करोड़ों वनवासियों के द्वार तक शिक्षा एवं विकास का प्रकाश पहुँचाना है। शिक्षित भारत की कल्पना को साकार रूप देने के लिए परिषद द्वारा गांव गांव में शिक्षा, स्वास्थ एवं रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## हनुमान छाप सिक्के का दिया लालच, 3 साल तक युवक को घुमाया, गिरफ्तार

**जांजगीर ।** जिले की बलौदा पुलिस ने हनुमान छाप सिक्का का लालच दिखाकर 6 लाख रुपये की ठगी करने के मामले 3 साल से फरार आरोपी हरिराम कुर्रे को गिरफ्तार किया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। 07 अप्रैल 2019 को दो आरोपियों ने मिलकर ठगी की घटना को अंजाम दिया है। मामले में एक आरोपी की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है।

दरअसल, खिसोरा गांव के रहने वाले चतुर सिंह सूर्यवंशी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, कि 07 अप्रैल 2019 को हरिराम उर्फ भुरू कुर्रे और सुरेंद्र उर्फ गुड्डू लहरे उसके घर आये। इसके बाद दोनों ने हनुमान छाप सिक्का को अधिक कीमत में बेचने का लालच दिखाकर झांसे में लिया और दोनों आरोपियों ने चतुर सूर्यवंशी से 6 लाख ठग लिया। इसके बाद चतुर सूर्यवंशी ने आरोपियों से हनुमान छाप सिक्का की मांग की गई, लेकिन आरोपियों ने सिक्का नहीं दिया। तब चतुर सूर्यवंशी ने अपने रुपये वापस मांगे।

रुपये वापस नहीं करने पर चतुर सूर्यवंशी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी और पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया था, जिसके बाद मामले में आरोपी सुरेंद्र लहरे को गिरफ्तार किया गया। मामले का दूसरा आरोपी हरिराम कुर्रे फरार हो गया था, जिसकी घर आने की सूचना पुलिस को मिलने पर उसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हरिराम कुर्रे, पिछले तीन सालों से रायपुर में छुपकर रह रहा था. फिलहाल, पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## राज्यपाल से अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री ने की मुलाकात

देश में हो रहे सेवा कार्यों की राज्यपाल ने की प्रशंसा

जोहार छत्तीसगढ़-

**रायपुर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल मोर ने आज छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से सौजन्य भेंट कर सम्मलेन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए राज्यपाल महोदय को बताया की अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की राष्ट्रीय इकाई के साथङ्कसाथ भारत के हर राज्य में प्रदेश इकाई है एवं संगठन द्वारा लगातार सेवा कार्यों के माध्यम से वैश्य समाज को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही देश के कुल राजस्व में 80 प्रतिशत का योगदान वैश्य समाज का है। प्रदेश




महामंत्री एवं प्रवक्ता राजकुमार राठी ने बताया की महासम्मेलन से जुड़े अनेक समाजसेवी व्यक्तियों द्वारा पूरे देश में अनेक हॉस्पिटल, चेरिटेबल ट्रस्ट, धर्मशाला, स्कूल का संचालन किया जा रहा है जिसका लाभ देश के करोड़ो नागरिकों को मिल रहा है,इसकी भी जानकारी राज्यपाल महोदय को दी गई जिस पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने सम्मेलन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए इसे और अधिक विस्तारित करने की बात कहते हुए कहा की महासम्मलेन को समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को लाभ मिले, इस प्रकार के सेवा के कार्य को भी निरंतर ज़ारी रखना चाहिए।

## जिले के कर्मचारी-अधिकारी रायपुर रैली प्रदर्शन में बढ़ चढ़कर भाग लिया- भारद्वाज

जोहार छत्तीसगढ़- सक्ती।



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन प्रांतीय निकाय के आवाहन पर 18 मार्च 2023 को रायपुर धरना रैली प्रदर्शन में शक्ति जिला के कर्मचारी अधिकारी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया भाग लेने वालों में जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज तहसील संयोजक शक्ति राधेश्याम साहू मालखरोदा तहसील संयोजक विकास चौबे डबरा तहसील संयोजक यशवंत कुमार पटेल रमेश देवांगन संजीव पांडे जय किशन उराव श्याम लाल यादव टी आर करें वाइआरएस मंडलेकर श्याम कुमार सोनी अशोक कुमार राठौर कांति रंजन राठौर नवकार प्रसाद जयसवाल बांके बिहारी त्रिवेदी सुरेंद्र कुमार बंजारे पी लाल पटेल खीर सागर पटेल गोपाल पटेल रमेश कुमार पटेल हलधर महिलांगे गोविंद राम बर्मन गजेंद्र भोसले सीताराम बरेट जलेश्वर पटेल छत्रपाल पटेल उत्तर कुमार पटेल चंद्र चंद्रभान महंत मोतीराम पटेल प्रेम लाल पटेल अरुण कुमार खुटे सिकंदर सिंह खूटे बीरबल प्रसाद सोनवानी नरेश चंद पटेल रामकुमार पटेल गजेंद्र पटेल गजेंद्र भोसले आदि बड़ी संख्या में जिले के कर्मचारी अधिकारी आश्वासन नहीं समाधान रायपुर धरना रैली प्रदर्शन में भाग लिए निवेदक राधेलाल भारद्वाज जिला संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शक्ति।

## पूरी हुई गदर 2 की शूटिंग, 1954 से 1971 की टाइमलाइन



गदर 2 की शूटिंग खत्म हो चुकी है। फिल्म 1954 से 1971 तक की टाइमलाइन को फॉलो करेगी और कहानी को वहीं से आगे बढ़ाएगी जहां से पहला पार्ट खत्म हुआ था। सनी देओल और अमीषा पटेल की मुख्य भूमिकाओं वाली यह फिल्म 2001 की ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर का सीक्वल है। एक ट्रक ड्राइवर, तारा सिंह अपनी पाकिस्तानी पत्नी को वापस पाने की उसकी लड़ाई की कहानी बताने वाली इस फिल्म की बॉक्स-ऑफिस पर लगान से टक्कर हुई। गदर 2 में पाकिस्तानी मेजर मलिक की भूमिका निभाने वाले अभिनेता रोहित चौधरी ने अपने ट्विटर पर शूटिंग खत्म होने की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने ट्वीट किया, पूरा हुआ। बहुप्रतीक्षित फिल्म गदर 2 की शूटिंग पूरी हो चुकी है. इसका हिस्सा बनकर बहुत खास महसूस कर रहा हूं।



## सिल्वर कलर के डीपनेक गाउन में पलक तिवारी ने दिए स्टनिंग पोज

### तस्वीरों से निगाहें हटाना मुश्किल

**टीवी इंडस्ट्री की नामचीन एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी अपनी मां की तरह ही काफी नाम कमा रही हैं। उनकी बोल्डनेस से भरी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाए रहती हैं। फैंस उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं।**

वहीं, सिल्वर कलर के गाउन में एक्ट्रेस पलक तिवारी बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने कातिलाना अंदाज से फैंस के दिलों पर कहर बरपाने का हुनर बखूबी जानती हैं। पलक तिवारी सिल्वर कलर के डीपनेक गाउन में बेहद ही चार्मिंग लग रही हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। लाइट मेकअप और स्टाइलिश हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस पलक तिवारी बेहद ही गॉर्जियस लग रही हैं। अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाए हुए हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। बेहद ही कम समय में इस मुकाम को हासिल करने वाली पलक तिवारी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। पलक तिवारी अपनी मां श्वेता तिवारी की तरह ही बेहद खूबसूरत हैं। पलक फिल्म रोजी: द सैफ्रॉन चैप्टर से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। इसके अलावा वो सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान में भी नजर आ सकती हैं। पलक तिवारी आदित्य सील के साथ मंगता है क्या गाने में भी काम कर चुकी हैं। पंजाबी सिंगर हार्डी संधू के साथ पलक ने बिजली बिजली सॉन्ग किया है।

## किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी विनाली भटनागर

**अब से पहले म्यूजिक वीडियो 'काफिले नूर के' में नजर आईं अभिनेत्री विनाली भटनागर सलमान खान अभिनीत फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से बॉलीवुड में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म में अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी।**

मध्य प्रदेश की रहने वाली विनाली एक्टिंग को आगे बढ़ाने के लिए मुंबई आईं और इंडस्ट्री में तमाम संघर्ष के बाद आखिरकार उन्हें यह मौका मिल ही गया।

अपने करियर में एक नया अध्याय शुरू करने के बारे में अपना उत्साह साझा करते हुए विनाली ने कहा : मैं हिंदी फिल्म उद्योग में अपनी यात्रा शुरू कर रही हूं और यह फिल्म काम शुरू करने का एक शानदार तरीका है। मैंने हमेशा खुद को बड़े पर्दे पर देखने का सपना देखा था। यह सब एक सपने के सच होने जैसा लगता है। मेरा मानना है कि पहली फिल्म हमेशा खास होती है, और मैं अपनी पहली फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक मुझ पर अपना आशीर्वाद बरसाएंगे।

'किसी का भाई किसी की जान' सलमान खान द्वारा निर्मित और लेखक-निर्देशक फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित है।

फिल्म में विनाली के अलावा पूजा हेगड़े और वेंकटेश भी हैं।

यह फिल्म 2014 में रिलीज हुई तमिल ब्लॉकबस्टर 'वीरम' का रूपांतरण बताई जा रही है।

'किसी का भाई किसी की जान' 21 अप्रैल को ईद के मौके पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।



### रानी मुखर्जी संग सलमान के लुक ने किया आकर्षित

## किक-2 की सम्भावनाओं को मिला बल



बॉलीवुड फिल्मों के मशहूर एक्टर सलमान खान अपन स्वैग से प्रशंसकों का दिल जीत लेते हैं। सलमान खान ऑनस्क्रीन ही नहीं बल्कि ऑफस्क्रीन भी हमेशा दिल जीत लेते हैं। हाल ही में सलमान, रानी मुखर्जी की आगामी फिल्म मिसेज चैटर्जी वर्सेज नॉरवे के इवेंट पर पहुंचे जहां उन्होंने रानी मुखर्जी के साथ तस्वीरें क्लिक करवाए। हालांकि कुछ ही देर में रानी और सलमान की तस्वीरें वायरल हो गई एवं ट्विटर पर किक 2 ट्रेंड होने लगा। दरअसल सलमान खान और रानी की तस्वीर में सलमान खान के लुक के कारण किक 2 चर्चा में आ गई है। सलमान की जो नयी तस्वीर वायरल हो रही है, उस में सलमान का लुक फ्रेंच बियर्ड वाला है। सलमान बिलकुल उस ही लुक में दिखाई दे रहे हैं, जैसे वो फिल्म किक में दिखाई दिए थे। ऐसे में प्रशंसकों का मानना है कि सलमान खान ने किक 2 की शूटिंग आरम्भ कर दी है या फिर जल्दी ही शुरू कर देंगे। बस इसके बाद से ही ट्विटर पर किक 2 ट्रेंड हो रहा है।

## पुष्पाः द रूल में शामिल हुई साई पल्लवी, दर्शकों के क्रेज को बढ़ाया

**दक्षिण भारत की सुख्यात अभिनेत्री साई पल्लवी ने हाल ही में अल्लू अर्जुन की वर्ष 2021 में प्रदर्शित हुई पैन इंडिया फिल्म पुष्पाः द राइज के अगले भाग पुष्पाः द रूल में स्वयं को शामिल कर लिया है। पुष्पाः द रूल की पहले से शूटिंग जारी है और अब इस शूटिंग में जल्द ही साई पल्लवी भी शामिल होने वाली हैं।**

बताया जा रहा है कि साई पल्लवी फिल्म में छोटा लेकिन बहुत ही महत्वपूर्ण किरदार निभाने के साथ-साथ संभवतः उन पर एक आइटम सांग भी फिल्माया जाएगा। बताया जा रहा है कि पहले इसके लिए सामंथा रूथ प्रभु को लेने का प्रयास किया गया था, लेकिन उन्होंने इस फिल्म में काम करने से इंकार कर दिया था। हालांकि अभी तक निर्माताओं की ओर इसे साई पल्लवी के फिल्म साइन करने के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। इस बीच, कई प्रशंसकों ने अपना उत्साह साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया।

पुष्पा-द रूल में साईं पल्लवी को एक विस्तारित कैमियो में देखने की संभावना है। कहा जा रहा है कि इसके लिए अभिनेत्री ने पहले ही शूटिंग के लिए 10 दिन आवंटित कर दिए हैं। कहा जा रहा है कि वह फिल्म में एक आदिवासी लडकी का किरदार निभाएंगी। स्टार कास्ट में साईं के शामिल होने से पुष्पा के सभी प्रशंसक और भी ज्यादा उत्साहित हो गए हैं।





# शमी-सिराज के बाद चले राहुल-रवीन्द्र,भारत पांच विकेट से जीता

**मुंबई ।** गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के बाद केएल राहुल ( 75 नाबाद) और रवीन्द्र जडेजा ( 45 नाबाद) की यादगार शतकीय साझीदारी की बदौलत भारत ने पहले एक दिवसीय मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच विकेट से जीत दर्ज की।

वानखेडे स्टेडियम पर भारत की 12 सालों बाद यह पहली जीत है। जीत के साथ भारत ने इस मैदान पर तीन साल पहले आस्ट्रेलिया से मिली हार का बदला भी ले लिया।

आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुये सभी दस विकेट गंवा कर 188 रन बनाये थे और भारत को जीत के लिये 189 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसका पीछा करने उतरी टीम इंडिया एक समय अपने पांच महत्वपूर्ण विकेट मात्र 83 रन पर गंवा कर मुश्किल में नजर आ रही थी मगर क्रीज पर उतरे हरफनमौला जडेजा ने एक छोर पर मजबूती से डटे केएल राहुल का बखूबी साथ निभाते हुये भारत को जीत के दरवाजे पर पहुंचा कर ही दम लिया। दोनो बल्लेबाजों ने संयम का परिचय देते हुये आस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण का सामना किया और 61 गेंद शेष रहने मैच को अपनी झोली में डाल लिया।



राहुल ने फार्म पर लौटने के साथ ही वानखेड़े पर खेली गयी पारी को यादगार बना दिया। उन्होने 176 मिनट क्रीज पर बिताये और 91 गेंद खेल कर सात चौके और एक छक्का जड़ा जबकि दूसरे छोर पर जडेजा ने टीम में अपनी उपयोगिता को एक बार फिर साबित करते हुये न सिर्फ दो आस्ट्रेलियाई विकेट अपने नाम किये बल्कि मुश्किलों के भंवर में फंसी टीम को बल्ले से भी मालामाल करते हुये मुस्कराने का मौका दिया।



*इशान किशन (3),विराट कोहली (4) और विस्फोटक सूर्य कुमार यादव (शून्य) के आउट होने के बाद भारत की हालत पतली हो गयी थी। बाद में शुभमन गिल (20) और हार्दिक पांड्या 25) के पवेलियन लौटने के बाद आस्ट्रेलिया के खेमे में उत्साह की लहर दौड़ गयी थी मगर टीम में बल्लेबाजी की गहराई फिर नजर आयी और मेहमानो को निराशा हाथ लगी। इससे पहले टास जीत कर भारतीय कप्तान हार्दिक पांड्या ने आस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया जिसको सही साबित करते हुये मोहम्मद सिराज (29 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद शमी (17 रन पर तीन विकेट) चटकाये जिसके चलते आस्ट्रेलिया की पारी को महज 35.4 ओवर के खेल में 188 रनों पर ढेर हो गयी। दर्शकों से खचाखच भरे वानखेड़े स्टेडियम में उमस भरी गर्मी के बीच शमी और सिराज की जोड़ी के आगे दिग्गज आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज पानी मांगते नजर आये। अनुभवी शमी और युवा जोश से लबरेज सिराज की दहकती गेंदों के आगे मेहमान बल्लेबाज शुरू से पारी के अंत तक असहज दिखे।*

### एक नजर

## शानदार प्रदर्शन के लिये उचित तरीके से रिकवर करना महत्वपूर्ण हैः शमी

**मुंबई ।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की पांच विकेट की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शीर्ष तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने गेंदबाजी के बाद 'रिकवरी' की प्रक्रिया को अहम बताया। इस दायें हाथ के तेज गेंदबाज ने शुक्रवार को पहले वनडे में छह ओवर में दो मेडन से 17 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे भारत ने 35.4 ओवर में आस्ट्रेलिया को 188 रन पर समेट दिया और फिर यह लक्ष्य 39.5 ओवर में हासिल कर लिया।



उन्होंने कहा, योजना बहुत ही सरल थी। हमने टीम बैठकों में बात की थी कि हम अच्छी शुरूआत करेंगे, सही क्षेत्र में गेंदबाजी करेंगे , अपनी लाइन एवं लेंथ पर अडिग रहेंगे। उन्होंने कहा, गर्मी भी एक मुद्दा थी। जब हमने पहला स्पैल डाला तो बहुत गर्मी थी लेकिन बाद में जब हवा चलनी शुरु हुई इसमें थोड़ा सुधार हुआ।

अहमदबाद में आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट में गेंदबाजी के बाद उबरने के लिये वह पहले वनडे के लिये आयोजित ट्रेनिंग सत्र में भी अभ्यास नहीं कर सके थे और सीधे मैच में खेलने उतरे। इस पर शमी ने कहा, अहमदाबाद में 40 ओवर के बाद मुझे 'रिकवरी' (थकान से उबरने) के लिये एक से दो दिन की जरूरत थी। मैंने 'रिकवरी' की और मैच में खेलने उतरा।

## राशिद ने बारिश की बाधा और डबल बोगी से वापसी कर तीन शॉट की बढ़त बनायी

**नयी दिल्ली ।** भारतीय गोल्फर राशिद खान ने शनिवार को यहां बारिश के कारण हुए ब्रेक और 'डबल बोगी' से जूझने के बावजूद डीजीसी ओपन के तीसरे दिन तीन शॉट की मजबूत बढ़त हासिल की।



राशिद (68) बीती रात शीर्ष पर चल रहे एस चिक्कारंगप्पा (74) से महज तीन शॉट पीछे थे। उन्होंने लगातार तीसरा अंडर पार राउंड खेला जिससे वह एशियाई टूर पर तीसरी जीत की उम्मीद लगाये हैं।

उन्होंने महाद्वीपीय टूर पर अंतिम जीत 2014 में दर्ज की थी जबकि पिछले दो साल वह उप विजेता रहे थे।

राशिद 11 अंडर से बढ़त बनाये हैं जबकि चिक्कारंगप्पा आठ अंडर के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर खिसक गये।

हनी बेसोया (65) साथी भारतीय ओम प्रकाश चौहान (73) और थाईलैंड के चापचाई निराट (71) के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर चल रहे हैं। इन तीनों का कुल स्कोर छह अंडर 210 है।

## बॉक्सिंग चैंपियनशिप से हटीं दोंजेता सादिकु, अपने देश का झंडा इस्तेमाल करने की नहीं मिली अनुमति

**नई दिल्ली ।** इस्तांबुल विश्व चैंपियनशिप में बीते वर्ष कांस्य पदक जीतने वाली कोसोवो की मुक्केबाज दोंजेता सादिकु ने विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। कोसोवो मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष ओस्मानी ने सोशल मीडिया पर आरोप लगाया है कि उन्हें दिल्ली में उनके देश के झंडे तले नहीं खेलने की अनुमति मिलने पर उन्होंने यह कदम उठाया है।



भारत सरकार की ओर से सर्बिया से अलग हुए कोसोवो को देश के रूप में मान्यता नहीं दी गई है, जिसके चलते सादिकु को 2018 की दिल्ली विश्व चैंपियनशिप और 2019 की गुवहाटी में हुई यूथ विश्व चैंपियनशिप में वीजा नहीं दिया गया था। इस बार भी उन्हें वीजा नहीं मिल रहा था, लेकिन 13 मार्च को उन्हें सोफिया (बुल्गारिया) में भारत आने का वीजा दे दिया गया। ओस्मानी का आरोप है कि वीजा जरूर दिया गया, लेकिन साथ में यह शर्त थोपी गई कि चैंपियनशिप के दौरान उन्हें कोसोवो के झंडे के इस्तेमाल की अनुमति नहीं होगी और न ही उनके देश के झंडे के ध्वजारोहण होगा। इसके बाद उन्होंने चैंपियनशिप से नाम वापस लिया। आईबीए ने बयान में कहा है कि अंतरराष्ट्रीय और भारतीय मुक्केबाजी संघ ने कोसोवो के दिल्ली चैंपियनशिप में भाग लेने का पूरा प्रयास किया, जिसमें भारत सरकार ने पूरा सहयोग दिया।

## पैरा एथलीटों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करायेगी योगी सरकार

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में समय-समय पर पैरा गेम्स आयोजित किये जायेंगे और राज्य सरकार प्रदेश में दिव्यांग खिलाड़ियों को अब सामान्य खिलाड़ियों की तरह सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करायेगी।

अपर मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण डा नवनीत सहगल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन को मान्यता प्रदान की गयी। इसके साथ ही डीफ, डम्ब एण्ड ब्लांइड (श्रवणह्रास, नेत्रहीन एवं बधिर) खिलाड़ियों को भी इसमें सम्मलित करने पर जल्द ही निर्णय लिया जायेगा। सहगल ने कहा कि राज्य सरकार अन्य लोगों की तरह पैरा एथलीटों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में एक मजबूत पैरा स्पोर्ट्स इको सिस्टम बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। पैरा स्पोर्ट्स और पैरा एथलीट को विभाग की हर योजना में शामिल किया जायेगा।



उन्होने कहा कि प्रदेश में छात्रावास समेत राज्य के स्वामित्व वाली खेल सुविधाओं में दिव्यांगों के अनुकूल बुनियादी ढ़ांचा तैयार कराया जायेगा। खेल केन्द्रों एवं अकादमियों में पैरा खिलाड़ियों के लिए अलग से कोटा निर्धारित कराया जायेगा। पैरा एथलीटों के लिए कई खेलों में उच्च प्रदर्शन केन्द्र स्थापित कराने के साथ ही पैरा स्पोर्ट्स के लिए विशेष प्रशिक्षकों की भर्ती की जायेगी।

# नेहरू युवा केंद्र में आयोजित युवा उत्सव के युवाओं ने बिखेरी अपनी कला का जलवा






जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

नेहरू युवा केंद्र बैकुंठपुर कोरिया छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आइसेक्ट कॉलेज तलवा पारा में जिला युवा उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन व विधायक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 03 अंबिका सिंह देव एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला युवा अधिकारी पवन कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे, उपाध्यक्ष आशीष यादव,जनपद पंचायत अध्यक्ष सौभाग्यवती सिंह खुसरो, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आशा साहू, रंजना नीलिमा कच्छप थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिसके पश्चात अतिथियों को बैच व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। जिला युवा उत्सव में युवाओं ने अपनी कला का जलवा बिखेरा उत्सव में कविता,लेखन, फ ोटोग्राफ ी,चित्रकला,भाषण,एवं सामूहिक लोक नृत्य की प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिला युवा अधिकारी पवन कुमार ने नेहरू युवा केंद्र एवं माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी अमृतकाल पंच प्रण विकसित भारत का निर्माण,गुलामी की हर सोच से मुक्ति,विरासत पर गर्व,एकता एकजुटता,नागरिक कर्तव्य,बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और युवा महोत्सव कार्यक्रम में कविता लेखन में प्रथम स्थान अलीशा शेख, द्वितीय स्थान रौनक एवं तृतीय स्थान सुनीता फ ोटोग्राफ ी प्रतियोगिता में शिवसागर द्वितीय स्थान हरिओम प्रजापति एवं तृतीय स्थान रमेश कुमार चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृष्णा राजवाड़े द्वितीय स्थान सुरुचि मिंज एवं तृतीय स्थान आराध्या जयसवाल भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नवाज शरीफ द्वितीय स्थान प्रिंस कुमार सिंह एवं तृतीय स्थान अभिषेक साहू सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान सुहाना एवं साथी ग्रुप द्वितीय स्थान कन्हैया एवं साथी एवं तृतीय स्थान तृतीय रेस लाल एवं साथी ग्रुप को दिया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया सभी प्रतियोगिताओं में विजेता और उपविजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे और सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि दी जाएगी प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में, प्रोफेसर एमसी हिमधर, देवेंद्र मिश्रा, सुमन नायक, रवि कांत मिश्रा, संस्थापक आइसेक्ट कॉलेज नरेश सोनी, अतुल केसरवानी, विवेक सिद्धकी, नीलम मिश्रा, रिंकी साहू, सुमित कुमार डे, अमृतांशु मिश्रा, कमल द्विवेदी,कनक लता पैंकरा,रहे। पवन कुमार ने बताया की कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 5 युवा मंडल सदस्यों को खेल किट वितरण किया गया एवं जिला स्तरीय हेतु चयनित उत्कृष्ट अपराजिता महिला मंडल को 25000 की राशि दी गई। कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणी योजनाओं जानकारी देने के लिए, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज, सी मार्ट, कृषि विभाग, स्वयं सहायता समूह, वन विभाग, पुलिस विभाग के द्वारा नशा मुक्ति समर्थ, यातायात विभाग, आपदा प्रबंधन, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर के द्वारा स्टॉल लगाया गई। मुख्य अतिथि अंबिका सिंह देव ने कहा की युवाओं में आज किसी तरह से प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन वह अपनी प्रतिभा को सही रूप में नहीं लगाकर अपनी उर्जा अन्यत्र कामों में लगा रहे हैं जिनका हमारे दैनिक उपयोग जीवन में कोई प्रयोग नहीं है उन्होंने युवाओं से आवाहन किया कि वह देश की मुख्यधारा में आकर देश के निर्माण में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष कोरिया ने कहा की नेहरू युवा केंद्र द्वारा अनेक प्रकार की युवाओं के लिए जनकल्याण संबंधित योजनाएं संचालित की जा रही है और इन के माध्यम से युवा अपनी एक पहचान और व्यक्तित्व का निर्माण करते हुए आगे बढ़ने का मंच प्रदान करता है जो कि बहुत ही सराहनीय कदम है। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बैकुंठपुर नविता शिवहरे ने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वह अपनी कुशल को विकसित करते हुए उस पर पूरा तन और मन के साथ लगा कर के उस पर पूरा फ ोकस करें तभी उनके सकारात्मक परिणाम हमें मिल सकते हैं।

कार्यक्रम में नगर पालिका पार्षद मोनू मांझी, ललिता सिंह, नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा सिंह, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन यातायात लांस लायक डॉ.महेश मिश्रा के द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफ ल बनाने में नेहरू युवा केंद्र कोरिया एमटीएस राजीव साहू राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रियंका राजवाड़े,प्रज्ञा शिवहरे, हरिओम साहू, चंद्र केश्वर त्रिदेव,विजय, फूल कुंवर,गौसिया, अंकिता, पुनीता यादव, ब्रह्म आशीष, गीता, सनी, उपस्थित रहे।कार्यक्रम में 400 से अधिक युवाओं ने भाग लिया।

## एक नजर

### धान से भरी ट्रक पलटी, सीआरपीएफ के जवानों ने बचाई जान

**जगदलपुर** । बस्तर जिले के पुसपाल घाट में स्थित सीआरपीएफ कैंप से तीन सौ मीटर दूर रतेंगा की तरफ जा रहे धान से भरा ट्रक क्रमांक सीजी 04 डीएन 5157 सामने से आ रही मोटर साइकिल को साईड के लिए सड़क से निचे उतरने पर बारिश से गीली हुई मिट्टी में पहिए के फंसने से अनियंत्रित होकर पलट गया। रविवार सुबह हुए हादसे में एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया था। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सीआरपीएफ की एफ 188 बटालियन के कंपनी कमांडर बन्नाराम अन्य जवानों के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। बल के जवानों ने घायल व्यक्ति प्रिन्सी यादव का प्राथमिक उपचार किया। सिविलियन की जान बचाने के लिए आम जनता ने सीआरपीएफ को धन्यवाद देते हुए बल के जवानों की प्रसंशा की है।

### मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा पर वृत्त स्तरीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

**जगदलपुर** । मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना पर वृत्त स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 18 मार्च को वन विद्यालय जगदलपुर में किया गया। कार्यशाला में जगदलपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक मोहम्मद शाहिद, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम,वृत्त के समस्त वनमंडलाधिकारी, मुख्य मंत्री वृक्ष संपदा योजना के 21 मार्च को सिंचित रोपण के किसान व हितग्राही तथा वन वृत्त के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक ने योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि 21 मार्च को मुख्य मंत्री भूपेश बघेल द्वारा योजना के शुभारंभ किया गया था। सिंचित रोपण में क्या क्या सावधानियां बरतनी है तथा क्षेत्र तैयारी की समीक्षा की गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अरविन्द नेताम के द्वारा भी कार्यशाला को संबोधित किया गया तथा उनके द्वारा इस योजना को शासन की बहुत ही महत्वपूर्ण एवं किसानों के लिए बहुत ही लाभकारी योजना बताई गई । कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना में क्षेत्र तैयारी से लेकर पौधरोपण तक की महत्वपूर्ण तथा तकनीकी जानकारी कृषकों को तथा कर्मचारियों अधिकारियों को दी गई। कार्यक्रम में पूरे वृत्त से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कृषकों के बीच योजना को लेकर अत्यधिक उत्साह देखा गया।

### बूथ सशक्तिकरण अभियान में भगतसिंह शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 147 की हुई बैठक

**जगदलपुर** । भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे 17 मार्च से 27 मार्च तक बूथ सशक्तिकरण अभियान में शक्तिकेंद्र में आने वाले प्रत्येक बूथ में बैठक किया जा रहा है। रविवार को जगदलपुर के भगतसिंह शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 147 में बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। बैठक में बूथ समिति के 25 सदस्य उपस्थित रहे, 25 सदस्यों में से 11 सदस्यों को अध्यक्ष, सचिव, मन की बात, व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, महिला प्रमुख, युवा प्रमुख, सामाजिक श्रेणी प्रमुख, प्रभावी मतदाता प्रमुख, बूथ में साल भर में आयोजित 06 कार्यक्रमों का प्रमुख बनाया जाकर कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान प्रपत्र में विस्तारक नरेंद्र पाणिग्राही एवं संयोजक उमेश वानखेड़े द्वारा लिपिबद्ध किया गया। बैठक के दौरान शक्ति केंद्र प्रभारी एवं नगर महामंत्री आर्यन सिंह आर्य, पार्षद श्रीमती दयावती देवांगन, खेम देवांगन, बूथ अध्यक्ष करण शंकर जैन, अनुराग ठाकुर, गोदावरी ठाकुर, गिरजा शंकर साहू, तिलक देवांगन, राजेंद्र देवांगन, सुरेश हरषानी, रीता साहू एवं बड़ी संख्या में बूथ के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भक्त माता कर्मा जयंती पर निकली शोभायात्रा का भाजपा ने किया स्वागत,विधायक जिला अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रहे उपस्थित

**धमतरी** । साहू समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा से पूरा धमतरी शहर जय मां कर्मा के जयकारे से गुंजायमान हुआ, इस पावन अवसर पर साहू समाज द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा का स्वागत भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि पदाधिकारियों एवं ज्येष्ठश्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा करते हुए सिहावा चौक में अभिवादन किए। कर्मा माता की पूजा अर्चना कर समस्त समाजिक बंधुजनों को कर्मा माता जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विधायक रंजना साहू ने कहा कि त्याग भक्ति वात्सल्य एवं करुणा की देवी भक्त माता कर्मा हैं, जिन्होंने जनदुखीयों के दुख हरने के लिए अपनी भक्ति की शक्ति से भगवान श्रीकृष्ण को प्रसन्न कर अपने हाथों से बनाई खिचड़ी खिलाई और सब संतन का भगवान श्री कृष्ण के आशीर्वाद से दुख हर लिए। भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने कहा कि ममता त्याग की प्रतिमूर्ति मां कर्मा है जिनके जीवन चरित्र ने संपूर्ण मानव समाज को सेवा की नई दिशा दिखाई, संत माता कर्मा साहू समाज की आराध्य देवी है और साथ ही सभी समाज के लिए आराध्य देवी हैं, संत सभी समाज उत्थान के लिए कार्य करते हैं समस्त क्षेत्रवासियो व साहू समाज को कर्मा जयंती की बधाई।

## भक्त कर्मा माता ने मानव सेवा का पाठ पढ़ाकर अन्याय से लड़ना सिखाया : रंजना साहू

**धमतरी** । प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ साहू समाज के द्वारा आराध्य देवी भक्त कर्मा माता की जयंती मनाएं, ग्राम लोहरसीं में समस्त तेली साहू समाज के द्वारा कर्मा जयंती महोत्सव मनाया गया एवं विधायक निधि से स्वीकृत शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई, कार्यक्रम की अध्यक्षता खरतुली परिक्षेत्र अध्यक्ष ललित चौधरी ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला साहू संघ उपाध्यक्ष केकती साहू उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विधायक ने शेड निर्माण का लोकार्पण किए। समस्त ग्रामीण साहू समाज लोहारसीं एवं अतिथियों की उपस्थिति में भक्त शिरोमणि कर्मा माता की आरती की गई एवं विधायक रंजना साहू ने कर्मा माता, राजिम भक्ति माता, दानवीर भामाशाह, तेलीनसत्ती माता की जयकारे लगाते हुए खिचड़ी के भोग भगवान श्री कृष्ण को लगाएं। सभी अतिथियों का स्वागत साहू समाज के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया, विधायक रंजना साहू ने कहां कि भक्त माता कर्मा ने हमें प्रेम ,भक्ति भाव ,करुणा और मानव सेवा का पाठ पढ़ाया है, उन्होंने हमें अन्याय से लड़ना सिखाया है।

## डॉ.खिलावन साहू के मुख्य आतिथ्य में कर्मा जयंती संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



पूरे सक्ती जिले में सक्ती, जैजैपुर, डभरा, माल खरौदा चारो तहसील के परिक्षेत्र एवं गांवों में प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह सिंह साहू, साहू संघ सक्ती के जिलाध्यक्ष डॉ. खिलावन साहू के आग्रह पर पहली बार सभी ग्राम स्तर पर साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की मंगल आरती प्रदेश द्वारा निर्धारित समय मे एक साथ मंगल आरती की गई। सक्ती विधानसभा के नगरदा परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सरवानी बाराद्वार, जिला सक्ती में गोविंद साहू, देवप्रसाद साहू परिवार द्वारा आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती के पावन अवसर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सक्ती विधानसभा के पूर्व विधायक एवं साहू संघ सक्ती के जिलाध्यक्ष डॉ. खिलावन साहू ने मां कर्मा की लोक कल्याण हेतु त्याग मय जीवनी के बारे में विस्तार से बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसील साहू संघ सक्ती के अध्यक्ष प्रकाश साहू, तहसील उपाध्यक्ष खोकसाय साहू, नीरा साहू,नगरदा परीक्षेत्र अध्यक्ष गोविंदा साहू,वरिष्ठ समाजसेवी, बहोरन साहू, रत्ना देवी साहू,युवा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश साहू,डोड़की परीक्षेत्र अध्यक्ष योगेंद्र साहू उपस्थित थे।

कार्यक्रम में जगदीश साहू, व्योम प्रकाश चौधरी,शालिक राम साहू,इंद्रमणि साहू, फि रत साहू ,अर्जुन साहू, मालती साहू, मनोज साहू,नरेंद्र साहू,रघु साहू,सम्मे साहू, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

मंच संचालन परिक्षेत्र सचिव संतराम साहू ने किया।

## मानवीयता और संवेदनशीलता की मिसाल

### व्हीलचेयर में मरीज को बैठा वार्ड तक पहुंचा रहे यह शख्स वार्डबॉय नहीं कलेक्टर हैं

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।






**दर्द से कराती महिला को देख वार्ड बॉय का दायित्व निभाया कलेक्टर ने**

मरीज को अस्पताल के वार्ड तक पहुंचाते हुए यह कोई वार्ड ब्वाय नहीं जिले के ष्कलेक्टर पी एस ध्रुव है। शुक्रवार को अस्पताल के औचक निरीक्षण पर खड़गवां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे कलेक्टर की नजर जब अस्तपाल के बाहर दर्द से कराहती हुई महिला देव कुंवर उम्र 50 वर्ष ग्राम जरौंधा निवासी पर पड़ीए तो कलेक्टर मानवीयता और संवेदनशीलता की मिसाल पेश करने खुद को न रोक पाए। कलेक्टर ने फौरन व्हील चेयर पर दर्द से कराहती हुई महिला को बिठाकर खुद व्हीलचेयर चलाकर अस्पताल के वार्ड में भर्ती कराया और डॉक्टरों को महिला के बेहतर इलाज करने के निर्देश दिये।

## भगवा हिंदू रक्षक दल की समीक्षा बैठक संपन्न

### कई सनातन कार्यक्रमों को लेकर हुई चर्चा



जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।


भगवा हिंदू रक्षक दल की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई इस समीक्षा बैठक में भगवा हिंदू रक्षा दल के महिला एवं पुरुष पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई चर्चा के दौरान संगठन विस्तार देने के लिए सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों से उनकी सलाह मांगी गई साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में भगवा हिंदू रक्षक दल के विस्तार पर गंभीरता से चर्चा किया गया साथ ही भगवा हिंदू रक्षक दल के महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष भारती सिंह के साथ प्रदेश महासचिव राजेश यादव ने संगठन को विस्तार में विस्तृत रूप देने बेहतर सुझाव दिया साथ ही भगवा हिंदू रक्षक दल के सभी पदाधिकारियों ने इस बार की शोभा यात्रा नहीं निकालने पर अपनी सहमति भी है इसके साथ ही सनातन और हिंदुत्व के छोटे-छोटे कार्यक्रम जिले के अनेक हिस्से में आयोजित किए जाएंगे समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से विजय कुमार साहू उर्फ हेमलाल शरद जायसवाल,विवेक एराजेश वर्मा,सैंडी,चंद्र प्रताप, हिद्रपाल, अजय पांडेय, रोशनी, दुर्गा, यशोदा के साथ सैकड़ों पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए।

## वनमंडल में सूचना के अधिकारी अधिनियम का कर रहे उल्लंघन-राजेश नाग

### भ्रष्टाचार को छुपाने नहीं दी जा रही कैंपा मद को जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

सुकमा वनमंडल में सूचना का अधिकार अधिनियम मजाक बन कर रह गया है। फॉरेस्ट के अधिकारी कानून का उल्लंघन कर रहे है। उक्त बातें एआईएसएफ के उपाध्यक्ष राजेश नाग ने कही। सुकमा वनमंडल के जिम्मेदार अधिकारियों पर आरटीआई के तहत जानकारी नहीं देने का आरोप लगाते हुए राजेश नाग ने कहा किए 28 जून 2022 को वन मंडल सुकमा कार्यालय के लोक सूचना अधिकारी के समक्ष दो वर्ष 2020.21 और 2021.22 में कैंपा मद अंतर्गत किए गए कार्यो की जानकारी मांगी गई थी। आरटीआई के नियमो के तहत निर्धारित समय पर लोक सूचना अधिकारी द्वारा जानकारी उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके बाद 4 अगस्त 2022 को वन संरक्षक वृत्त जगदलपुर के समक्ष प्रथम अपील किया गया। कार्यालय अपीलीय अधिकारी एवं मुख्य वन संरक्षक सूचना का अधिकार जगदलपुर वृत्त जगदलपुर बस्तर छत्तीसगढ़ द्वारा उक्त प्रकरण पर 03 अक्टूबर 2022 को सुनवाई के लिए बुलाया गया। सुनवाई के दौरान सुकमा वनमण्डल के जिम्मेदार अनुपस्थित रहे। जिसको देखते हुए प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा ऑन लाइन मीटिंग कर सुकमा फॉरेस्ट के जिम्मेदारो से जवाब तलब किया। प्रथम अपीलीय व मुख्य वन संरक्षक अधिकारी द्वारा मुझे आश्वासन दिया गया कि आपको 15 दिनों में जवाब दे दिया जाएगा। लेकिन वनमंडल सुकमा द्वारा जवाब निर्धारित समय पर नहीं दिया गया। जानकारी नहीं पर मेरे द्वारा स्वयं वन मंडल कार्यालय जाकर लोक सूचना अधिकारी से संपर्क किया गया। जिसके बाद मुझे एक पत्र दिया गया। जिसमें लिखा गया था कि आपके द्वारा चाही गई जानकारी विशिष्टयां नहीं की गई है जो कि सूचना के अधिकारी अधिनियम 2005की धारा 2 एफ के अंतर्गत सूचना के अधीन नहीं आता है। वनमंडल सुकमा में कैम्पा मद के द्वारा अंदरूनी इलाकों में पैसों का दुरूपयोग किया गया। जिससे कारण वनमंडल सुकमा को जानकारी मांगने पर 2;एिफ धारा का उल्लेख कर जानकारी नहीं दिया गया बल्कि ये समझ आता है कि कैम्पा मद के पैसों का बंदरबांट हुआ है। जिसमें विभाग के अधिकारी नीचे से उपर तक संलिप्त हैं। सरकार के द्वारा जनता के विकास के लिए जारी होने वाले पैसों में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सूचना अधिकार अधिनियम जैसे कानून को भी मानने को तैयार नहीं है। सुकमा वन मंडल के आला अफ सर अपने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश का भी पालन नहीं कर रहे हैं।जो भी दोषी हो उन पर कार्यवाही होनी चाहिए।


कार्यालय अपीलीय अधिकारी एवं मुख्य वन संरक्षक,
(सूचना का अधिकार)
जगदलपुर वृत्त जगदलपुर बस्तर 494001 (छत्तीसगढ़)

क्रमांक/निज सहायक/5065 जगदलपुर, दिनांक/21/09/2022

प्रति,
श्री राजेश नाग
(AIYF) प्रदेश उपाध्यक्ष,
गांधीनगर, सुकमा (छत्तीसगढ़)

सूचना का अधिकार अति-आवश्यक पंजीकृत पावती द्वारा

विषय:- सूचना प्राप्त न होने के सम्बन्ध में।
संदर्भ:- आपका अपील आवेदन दिनांक दिनांक 04-08-2022 (इस कार्यालय में प्राप्त दिनांक 08-08-2022)

-::00::-

विषयान्तर्गत आपके संदर्भित अपील प्रकरण (इस कार्यालय के पंजी में दर्ज प्रकरण क्रमांक 74/2022) की सुनवाई दिनांक 03/10/2022 को अपरान्ह 12:45 बजे निर्धारित की जाती है। अतः आप निर्धारित तिथि तथा समय पर उपस्थित होकर प्रकरण में अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

यदि उक्त निर्धारित तिथि तथा समय पर आप अनुपस्थित रहते हैं, तो अपील प्रकरण की सुनवाई संपन्न किया जाकर, निर्णय उपरांत अपील आदेश जारी किया जावेगा।

अपीलीय अधिकारी एवं
मुख्य वन संरक्षक
जगदलपुर वृत्त, जगदलपुर

पृ.क्रमांक/निज सहायक/5066 जगदलपुर, दिनांक/21/09/2022
प्रतिलिपि :-
जनसूचना अधिकारी/वनमंडलाधिकारी सुकमा वनमंडल, सुकमा की ओर संदर्भित अपील आवेदन के तारतम्य में सूचनार्थ अग्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित सुनवाई तिथि के पूर्व अपील प्रकरण से संबंधित पत्राचार/टीप अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय को उपलब्ध कराते हुये निर्धारित तिथि में प्रकरण की सुनवाई हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
संलग्न:- संदर्भित अपील आवेदन।

अपीलीय अधिकारी एवं
मुख्य वन संरक्षक
जगदलपुर वृत्त, जगदलपुर

D:\NIZAM\My Document\TYPE\September 2022.doc

# जिस दिन हिंदू कट्टर हो गया, पूरी धरती पर शांति और समाधान के मार्ग खुल जाएंगे- अवधेशानंद गिरी

## संत पदयात्रा का समापन,सैकड़ों सनातनियों के साथ शामिल हुए किसान नेता

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

**प्रदेश के चारों दिशाओं से निकली हिंदू स्वाभिमान जागरण संत पदयात्रा का राजधानी रायपुर के रावण भाटा मैदान में आज समापन हुआ।**





समापन के अवसर पर बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के किसान नेता योगेश तिवारी सैकड़ों सनातनियों के साथ शामिल हुए। किसान नेता की ओर से समापन पर प्रदेशभर से आने वाले हजारों सनातनियो के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई है। विश्व हिंदू परिषद की ओर से आयोजित धर्मसभा में महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी जूना अखाड़ा प्रमुख,जितेंद्रनंद सरस्वती महामंत्री काशी अखिल भारतीय संत समिति, शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल, साध्वी प्राची, बालयोगेश्वर उमेश नाथ, पुष्पेंद्र पूरी, राजीव लोचन दास, स्वामी परमानंद स्वामी, प्रेम स्वरूपानंद, महामंडलेश्वर स्वामी सर्वेश्वर दास, राधेश्याम दास, आचार्य राकेश, रामानंद सरस्वती, सीताराम दास, लक्ष्य राम, साध्वी संतोषी भारती समेत देश भर से आए सैकड़ों संत शामिल हुए।

### हिंदू पूरे विश्व को कुटुंब मानते हैं

धर्म सभा में उपस्थित सनातनियो को संबोधित करते हुए जूना अखाड़ा प्रमुख स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज ने कहा कि जापान के लोग जापानीए लेबनान के लिए लेबनानी, यूरोप के यूरोपियन, अमेरिका में अमेरिकन तो फिर हिंदुस्तान में रहने वाला वह हर व्यक्ति हिंदू है। उन्होंने कहा कि लाखों लाख साल पहले हम हिंदू थे, हिंदू हैं और हिंदू रहेंगे । हिंदू पूरे विश्व को कुटुंब मानते हैं। किसी को दुख देना नहीं जानते छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया यहां बड़े ही भोले और नैसर्गिक प्राणी है। यहां का रायपुर अद्भुत दिखाई पड़ता हैं। हनुमान चालीसा सप्ताह में एक दिन अवश्य करें हर दिन मंदिर जाएं। जिस दिन हिंदू कट्टर हो गया। पूरी धरती पर शांति और समाधान के मार्ग खुल जाएंगे। इस धरती पर हिंसा नहीं रहेगी। संत यात्रा जागरण की यात्रा है। इस अवसर पर किसान नेता ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर निकली यह यात्रा प्रदेश के 34 जिलों से होकर गुजरी और 30 दिनों बाद रायपुर में समापन हुआ है। सन्तो की यात्रा का उद्देश्य सनातनियो के बीच संगत एवं पंगत के माध्यम से संगठित हिंदू समाज प्रगटीकरण कर हिंदू भाव जागृत करना है। समाज में बढ़ती हुई विषमता, भेदभाव जनसंख्या असंतुलन, धर्मांतरण, गोवंश हत्या, तस्करी, लव जिहाद, धार्मिक एवं सांस्कृतिक आक्रमण आदि समस्याओं के समाधान एवं जागरण, हिंदू राष्ट्र की स्थापना आदि है।

### किसान नेता के साथ सैकड़ों सनातनी यात्रा के समापन पर हुए शामिल

*यात्रा के समापन पर किसान नेता योगेश तिवारी के साथ सुभऊ साहू, गोविंद साहू, गिरिश गबेल, संतोष साहू, पियूष शर्मा,राजेश साहू, हेमन्त साहू, मनोज पटेल, लखन चक्रधारी, मृत्यजय दुबे, देव्यांशु शर्मा, सिद्धांत तिवारी, मयंक साहू, अभिषेक शर्मा, मनोज सिन्हा, बलराम राय,नवीन वर्मा, दादू वर्मा समेत सैकड़ों सनातनी शामिल हुए।*

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ सीतापुर ब्लॉक इकाई एवं तहसील इकाई का हुआ निर्वाचन संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।




विकासखंड शिक्षा कार्यालय सीतापुर में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई एवं तहसील इकाई का निर्वाचन छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बाल गोविंद गुप्ता के निर्देश पर निर्वाचन अधिकारी के रूप में अंजनी साह एवं अर्जुन गुप्ता ने संपन्न कराया। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के इस चुनाव में तहसील अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष विनोद टोप्पो, सचिव राजेश गुप्ता, सह सचिव संतोष कुमार,कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार टोप्पो एवं कार्यकारिणी सदस्य में इलियास कुजूर, किलो राम भगत,कलावती पैंकरा, कृपा शंकर गुप्ता सर्वसम्मति से निर्वाचित किए गए। इसी प्रकार ब्लॉक अध्यक्ष के निर्वाचन में ब्लॉक अध्यक्ष उमेश मिश्रा,उपाध्यक्ष शरद वर्मा, सचिव मिथिलेश रत्नाकर, सह सचिव प्रदीप नागदेव, कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य पिली बैक, गीता उपाध्याय,रोजलिन लकड़ा, विजय कुमार गुप्ता सर्वसम्मति से निर्वाचित किए गए। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के आज के निर्वाचन में आनंद राम पैंकरा श्याम प्रसाद गुप्ता पवन गुप्ता गणेश यादव कुलवंत सिंह छोटका राम आदि बहुत से प्रधान पाठक, शिक्षक, सहायक शिक्षक उपस्थित थे।

# सोनपुरी के आश्रित ग्राम दयालपुर रोड का हालत गंभीर, ग्रामवासियों ने जताई नाराजगी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सोनपुरी का आश्रित ग्राम दयालपुर के ग्रामीणों ने खासी नराजगी अपने समस्याएं को लेकर मीडिया के सामने अपनी समस्याएं का लगाई गुहार कई महीने बीत जाने के बाद भी नही बन पाई गांव के मैन गली रोड में ग्रामवासियों को आने जाने में हो रही है परेशानियां रोड में उगने लगी है घास ए मीडिया के सामने अपने बातों को रखते हुवे ग्रामीणों ने कहा की रोड व नाली नही होने के कारण बरसात के पानी व गांव गली की पानी निकलने का साधन नही व गांव के गली में पानी व घास उबज जाने से सांप बिच्छू का डर भी बना हुवा है जहा स्कूली बच्चे हो या ग्रामीणों को अपने जान को जोखी में डाल कर आवागवन करना पड़ रहा है लेकिन हमारे समस्याएं का हल आज तक नही हो पाई है ।



# पूर्व सैनिक संगठन की बैठक रायगढ़ में संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




पूर्व सैनिक संगठन की बैठक सैनिक विश्राम गृह टीवी टॉवर रोड रायगढ़ में संपन्न हुआ। सर्व प्रथम पूर्व सैनिकों ने राष्ट्र गान किया। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि सभी सैनिको को मद्दत और हम पूर्व सैनिक समाज के हित मेड्डु क्या मदद कर सकते हैं। कोई भी आपदा या कही भी सैनिकों की जरूरत पड़े हम तैयार रहेंगे। संगठन कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुछ पूर्व सैनिकों को नया दायित्व सौंपा गया। धरमजयगढ़, लैलूंगा और घरघोड़ा सेक्टर के लिए प्रभारी की जिम्मेदारी पूर्व सैनिक भोगेश्वर प्रसाद बेहरा और सूबेदार एस सिदार तमनार को सौंपी गई। तत्पश्चात पूर्व सैनिक जो जनवरी 2023 में पटवारी में चयनित हुए हवादार संजय पांडा और सिग्नल मेन डी गुप्ता को फूल माला पहनाकर उनके उज्वल भविष्य की कामना कर बधाई दी गई। आखरी में भारत माता की जय बन्दे मातरम की जय के साथ समापन की घोषणा किया गया सभा मे उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर तेजराम डनसेना,सूबेदार मेजर पीएस गभेल, कोषाध्यक्ष रवि गुप्ता सहित अनेक पूर्व सैनिक उपथित रहे।

# तीन गुम बच्चियों को 24 घंटे में बेमेतरा पुलिस ने ढूंढ निकाली




जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा पुलिस ने तीन गुम नाबालिग बच्चियों को 24 घंटे के अन्दर में ढूंढ निकाली पुरा मामला थाना नांदघाट का है जहा परिजनों ने बच्ची स्कूल से वापस घर नहीं आने पर गुम हो जाने का रिपोर्ट दर्ज कराए जिसमें तीन नाबालिक बच्चियों उम्र 12 से 13 वर्ष की बच्ची ने अपने घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। लेकिन वापस अपने घर लौटकर नहीं आने पर रिपोट दर्ज कराये तो इस मामले को अपने सज्ञान में लेकर, बेमेतरा पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर पुलिस की विशेष टीम गठित होकर खोजने मे जुड़ गई। जिसमें पुलिस को जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल विशेष टीम को रवाना की तो टीम को रास्ते में ही यह जानकारी प्राप्त हुई कि बच्चियां ट्रेन से मध्यप्रदेश की ओर रवाना हुए थे जिसमें विशेष टीम ने तीनों नाबालिग बच्चियां को कटनी मध्यप्रदेश से थाना नांदघाट लाकर सखी सेंटर बेमेतरा दाखिल किया गया है पूछताछ के बाद उनके माता-पिता को सौंप दिया जाएगा।



# गीतांजलि पटेल ने आयोजित की होली मिलन समारोह ,पहुंचे ओपी चौधरी

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

**डभरा जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम कोटमी में आयोजित होली मिलन समारोह में चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के हजारों महिला पुरुष सहित चंद्रपुर विधानसभा छाया प्रत्याशी संयोगिता सिंह छाया प्रत्याशी ओपी चौधरी शामिल हुए छाया प्रत्याशी चन्द्रपुर लोकप्रिय नेत्री गीतांजलि पटेल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।**




जिसमें चन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्र आस-पास के गांव से हजारों की संख्या में जनप्रतिनिधि कद्दावर नेतागण कई ग्राम पंचायतों के पंच सरपंच समूह की महिलाएं शामिल हुए होली मिलन समारोह को आने वाले चुनाव में राजनीति करण के रूप में भी चंद्रपुर विधानसभा के लोग देख रहे हैं और पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है कि चुनाव समीप आते ही इस प्रकार के दिग्गज नेता गण होली मिलन समारोह के माध्यम से जो इकट्ठे हुए हैं कहीं ना कहीं चुनावी समीकरण में अहम योगदान गीतांजलि पटेल का रह सकता है गीतांजलि पटेल पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के समर्थक थी और जनता कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर अजीत जोगी के द्वारा जनता अंग्रेजी की प्रत्याशी बनाई गई थी और गीतांजलि पटेल के द्वारा भाजपा और कांग्रेस को कड़ी टक्कर देते हुए दूसरे स्थान पर रहे जबकि भाजपा शासन रहने के बाद एवं कांग्रेस की लहर रहने के बाद भी लगभग मात्र 5000 मत से गीतांजलि पटेल को पराजय का सामना करना पड़ा था इससे ही प्रतीत होता है कि गीतांजलि पटेल का चंद्रपुर विधानसभा में कितना पकड़ है वही अजीत जोगी के मुख्यमंत्री बनने से पहले भी कांग्रेस नेत्री गीतांजलि पटेल कई वर्षों से कांग्रेस की टिकट की मांग की जा रही है परंतु कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हें टिकट नहीं दिया गया इसी वजह से जब जोगी कांग्रेस और बसपा का गठबंधन हुआ तब गीतांजलि पटेल के द्वारा पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़ी जिसमें भाजपा से संयोगिता युद्धवीर सिंह एवं कांग्रेस से रामकुमार यादव प्रत्याशी थे भाजपा एवं कांग्रेस को कड़ी टक्कर देते हुए अंजली पटेल ने कांग्रेस और भाजपा को कड़ी टक्कर देते हुए कांग्रेस प्रत्याशी रामकुमार यादव से बहुत ही कम वोटों से हार जीत हुई एवं भाजपा के प्रत्याशी संयोगिता सिंह तीसरे स्थान पर थी। होली मिलन समारोह के माध्यम से फिर एक बार विधानसभा चुनाव करीब आते ही गीतांजलि पटेल ने अपनी ताकत फिर से दिखाई और भाजपा कांग्रेस बहुजन तथा अन्य दल के व्यक्तियों के साथ होली मिलन के माध्यम से एक जूता बनाने में लगी हुई है कहीं ऐसा तो नहीं कि इस प्रकार से चंद्रपुर के विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि नेताओं से संपर्क में लगी हुई है और आने वाले विधानसभा चुनाव में हार और जीत दिला सकती है विधानसभा क्षेत्र के लोगों की नजर गीतांजलि पटेल पर टिकी हुई है क्या कांग्रेस अपने इस नेता की घर वापसी लाकर सम्मान देना चाहेगी या आने वाले दिनों में फिर से अगर कांग्रेस उपेक्षा करती है तो गीतांजलि पटेल जो पिछले विधानसभा चुनाव में अपना पूरे दमखम के साथ दूसरे स्थान पर थी कहीं इस बार प्रथम स्थान पर अपना स्थान प्राप्त कर सकती है होली मिलन समारोह में कार्यक्रम मे चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के हजारों की संख्या में पंच सरपंच जनप्रतिनिधि कद्दावर नेता गण समूह ग्रामीण महिला पुरुष शामिल हुए।

## एक नजर

### पूर्व मंत्री सत्यनारायणशर्मा का ब्राह्मण समाज ने किया भव्य स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



सक्ति के सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा पूर्व मंत्री एवं रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा का एवं उनके साथ पधारे विप्र समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों का अग्रसेन चौक सक्ति में आतिशबाजी फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि सत्तू खरसिया में भगवान परशुराम की मूर्ति का अनावरण समारोह में शामिल होने खरसिया जा रहे थे। वही सक्ति के सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन चौक पर स्वागत आयोजन किया जिसमें समाज के साथ अन्य समाज के काफी लोग भी शामिल है समाज के पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा बाबा, दीनदयाल शर्मा, मदन मोहन शर्मा,पंडित राधेश्याम शर्मा, चंद्रभूषण तिवारी, मधुसूदन शर्मा, सजन शर्मा,कमल शर्मा,मनोज दुबे, राजेश शर्मा ठेकेदार, पीयूष राय, राजेश शर्मा घड़ी, ऋषिकेश चौबे, राज शर्मा, जगत शर्मा,विष्णु शर्मा, सुमित शर्मा, उमेश शर्मा बंटी,अभिषेक शर्मा,दीपक शर्मा, गोविंद शर्मा, गिरधर जायसवाल, पिंटू ठाकुर,भुरु अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में मित समाज के लोग उपस्थित रहे।

### नगर साहू समाज के द्वारा कर्मा जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन धूमधाम से मनाया गया

**नगरी** । नगर पंचायत नगरी में साहू समाज के द्वारा शनिवार कर्मा जयंती एव वार्षिक सम्मेलन धूम धाम से मनाया जिसमें बुढ़ापारा साहू समाज से मां कर्मा जयंती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर साथ छोटे छोटे बच्चे व महिलाओं के द्वारा सिर पर कलश लेकर प्रारंभ किया गया साथ ही बरगद चौक बजरंग चौक बस स्टैंड से होते हुए सामुदायिक साहू सदन भवन पहुंची कार्यक्रम का शुभारंभ कर्मा माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना नागेन्द्र शुक्ला अध्यक्षता नगर साहू समाज नगरी ईश्वरलाल नेताम विशेष अतिथि के रूप में तहसीलदार मगररोड़ गेंद लाल साहू ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के आर साहू नगर अध्यक्ष भूपेंद्र साहू सभापति नगर पंचायत ललिता साहू संरक्षक तहसील साहू समाज नगरी सहदेव राम साहू अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ महेश्वरी साहू कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष वरुण किरण साहू अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अनिरुद्ध साहू सचिव संचालक मंडल भरत लाल संरक्षक नगर साहू समाज अमृतलाल साहूमोहर सिंह साहू भरत लाल साहू सुरेश साहू संतोष कुमार साहू योगेश साहू राम खिलावन साहू रितेश साहू पूरन साहू दुगेश साहू एवं समस्त साहू समाज के छोटे-छोटे बच्चे एवं युवा महिलाओं एवं बुजुर्गों अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित थे साथ ही ऐसे छात्र-छात्राएं जो उत्कृष्ट श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं जिनके दारा साहू समाज का नाम रोशन किया ऐसे छात्र-छात्राएं को प्रशस्ति पत्र के साथ के साथ कक्षा 10वी मे कुमारी तान्या पिता मुकेश साहू भूमिका पिता मोहन लाल खिलेश्वर संतोष साहू कुमार कामकी पिता ओमप्रकाश केशवरी पिता रमेश कुमार देवेंद्र कुमार पिता यशंवत प्रभात साहू पिता हमेशंकर मीनाक्षी पिता रामस्वरूप साथ ही 12वीं के पूर्वी पिता देवकांत कल्याणी रमेश कुमार एमएससी फइनल में वैशाली पिता वरूण किरण सभी छात्र-छात्राओं एवं माता पिता को सम्मान किया गया साथवार्षिक सम्मेलन का कार्यक्रम साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया साथ ही कार्यक्रम मंच संचालन ज्वाला प्रसाद साहू योगेश साहू के द्वारा किया जा रहा था

### आकाशीय बिजली के चपेट में आये 2 व्यक्तियों की मौत

**कवर्धा** । आकाशीय बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि बारिश के कारण दोनों युवक पेड़ के नीचे बैठे थे, तभी बादलों की गड़गड़ाहट और बारिश के साथ आसमान से तेज बिजली चमकी और दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। पूरा मामला लोहारा थाना क्षेत्र के पैलपार गांव का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों के नाम ननकू साहू 54 वर्ष और परमानंद पटेल बारिश के चलते एक पेड़ की छाँव के नीचे बैठे थे, तभी अचानक बिजली गिरने से यह दर्दनाक हादसा हो गया।

# प्राथमिक शाला लामीखार में भारत माता प्रतिमा की अनावरण व विदाई समारोह संपन्न





जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

शासकीय प्राथमिक शाला लामीखार में छाल क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्ति डाक्टर एसके पैंकरा एमडी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छाल के मुख्य आतिथ्य में भारत माता प्रतिमा का अनावरण एवं कक्षा 5 वीं के छात्रों का विदाई समारोह संपन्न हुआ। वहीं शाला के चार बच्चों का मार्च माह में जन्मदिन था जिसे एक साथ चारों बच्चों के पालकों एवं गणमान्य नागरिकों के उपस्थिति में यह तीनों कार्यक्रम एक साथ संपन्न हुआ । मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में पालकों एवं बच्चों से कहा कि मैं तो 25 किलोमीटर पैदल चलकर प्राथमिक शिक्षा ग्रहण किया और अभी तो हर गांव में प्राथमिक विद्यालय है। और लामीखार स्कूल जैसे प्राथमिक स्कूल और शिक्षक तो आप जैसे सौभाग्यशाली बच्चों को मिला है। इसका भरपूर लाभ उठाईए और अपना नींव मजबूत कर बड़ी-बड़ी इमारतें बनाईए। जिसे हर आदमी देखने को मजबूर हो जाए और अपना एक लक्ष्य बनाईए और उस लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत करना है। जिससे सफ लता आप सबके कदम चूमेगी यह बातें मेरी ऊपर गुजरी है उसी को आप लोगों के सामने रख रहा हूं यह कोई कहावत नहीं है। मुख्य अतिथि द्वारा सभी बच्चों को कापी, पेन, सीस एवं कटर वितरण किया गया।अंत डॉ पैंकरा ने बच्चों पालकों एवं शिक्षकों को अपनी शुभकामना देते हुए कहा कि जब भी मेरे लायक कुछ काम होगा तो निरू संकोच याद करना। मैं सदैव इस स्कूल के लिए पुनित कार्य करने हेतु तत्पर रहूंगा। कार्यक्रम के अंत में शालेय परिवार लामीखार द्वारा मुख्य अतिथि, पालकगण एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शाला एवं बच्चों के प्रति अपना स्नेह एवं आशीर्वाद बनाए रखने की कामना की गई।

## एक नजर

### कलार समाज ने महिला दिवस पर वरिष्ठ महिलाओं का किया सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




महिला कलार समाज सक्ती द्वारा रविवार को महिला दिवस पर कलार समाज की वरिष्ठ महिला को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवालए की उपस्थिति में किया गया। सहशत बाहुबली भगवान की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलार समाज की वरिष्ठ महिला को प्रशस्ति पत्र,फ ूलमाला पहनाया गया एवं सील्ड श्रीफ ल देकर सम्मानित किया किया गया विशेष रुप से नगरपालिका अध्यक्ष, सुषमा दादू जायसवाल, भूतपूर्व शिक्षक जमुना जायसवाल, भूतपूर्व लीलेस अध्यक्ष मंजू जायसवाल, पूर्व पार्षद, गंगा बाई जायसवाल, हरी चंद्रिका जयसवाल,रहन संतोष जयसवाल, लीलावती जयसवाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पुष्पा जायसवाल, सुनीता जायसवाल, विजया जयसवाल, शांति, लक्ष्मी,राखी, प्रभा, गोपी, सीमा, विनीता, संध्या, विदिया,चुनेन्दिरया, सविता, जानकी आदि महिलाओं उपस्थित थीं।

### मुख्यमंत्री निवास में लोकगायिका आरू साहू ने भक्त माता कर्मा की जयंती पर उन्हें नमन किया

**नगरी** । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को अपने निवास कार्यालय में भक्त माता कर्मा जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । उन्होंने प्रदेशवासियों को भक्त माता कर्मा जयंती की बधाई एवँ शुभकामनाएं दी तथा माता कर्मा से प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू, साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल राम साहू, नगरी सिहावा क्षेत्र की लोकगायिका सुश्री ओजस्वी (आरू) साहू भी उपस्थित थीं । मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भक्त माता कर्मा जयंती का पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर साहू समाज द्वारा विशेष रूप से अन्य समाजों के साथ शोभा यात्रा और कलश यात्रा निकाली जाती है और धार्मिक-सामाजिक आयोजन भी होते हैं। उन्होंने कहा कि भक्तों की आस्था का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने भक्त माता कर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

## भारतीय जनता पार्टी रतनपुर मंडल में चलाया गया बूथ सशक्ति करण अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



कोटा विधानसभा में रतनपुर भाजपा मंडल ने ग्राम पंचायत उमरिया दादर के आश्रित ग्राम पचरा बूथ क्रमांक 138 में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक रखी गई थी। कार्यक्रम में भारत की राष्ट्रपति महामहिम द्रौपति मुर्म का संसद के समक्ष अभिभाषण का वाचन मेरी सरकार द्वारा किए गये विकास कार्यों को 80 केंद्र बिंदुओ पर द्वारा अवगत कराया गया। इन 80 केंद्र बिंदुओं को सशक्तिकरण शक्तिकेंद्र के माध्यम से सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के साथ आम नागरिकों के मध्य देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकास कार्यों को अवगत कराया गया व पढ़कर सुनाया गया तथा इन्ही सभी विषयो पर विस्तार रूप से चर्चा भी ग्रामीणों से की गई। इस दौरान विधानसभा कोटा के रतनपुर मण्डल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष तिरिथ यादव पूर्व सासद प्रतिनिधि संजय साहू समाजसेवी मंडल महामंत्री संतोष तिवारी संयोजक संतोष दास मानिकपुरी भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राजू मानिकपुरी बूथ सशक्तिकरण,कौशल कुमार यादव जिला पंचायत सदस्य मनिता भानु अंधियार भानु भुखन सिंह सुख दास मुकेश दास मनेंद्र साहू होरीलाल यादव सहित भारी संख्या में ग्रामवासी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तराईमार में भक्तिभाव से मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम तराईमार में भक्त माता कर्मा जयंती मनाई गई। गांव में सुबह से घरों के सामने रंगोली बनाई गई थी। वहीं संध्या के समय घरों के सामने दीप प्रज्वलित की गई थी। गांव के मध्य स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में साहू समाज के लोगों द्वारा माता कर्मा के छायाचित्र में पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना कर सामुहिक रूप से भवगान जगन्नाथ एवं भक्त माता कर्मा की आरती की गई। सामाजिक बन्धुओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था। जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने खिचड़ी महा प्रसाद ग्रहण किए। बता दें कि महिला पुरुष बच्चे सभी एकत्रित एक साथ पूजा अर्चना करने से गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया था।

### ओलों की मार से अधेड़ की मौत

**बस्तर** । अंचल में हुई भारी ओलावृष्टि और बारिश एक राहगीर अधेड़ पर कहर बनकर टूट पड़ी। ओलों की मार से तालुर निवासी 45 वर्षीय चेरमू कश्यप की मृत्यु हो गई। पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया। बस्तर थाना क्षेत्र के ग्राम तालुर पुजारी पारा निवासी स्व. पूरन कश्यप का 45 वर्षीय पुत्र चेरमू कश्यप अकाल मृत्यु का शिकार हुआ है। अनुविभागीय अधिकारी ( पुलिस ) श्री कामड़े ने बताया कि चेरमू कश्यप 18 मार्च को सुबह 9 बजे साइकिल लेकर अपनी बड़ी बेटी सोनम बघेल से मिलने उसके ससुराल ग्राम नाईकगुड़ा बस्तर के लिए निकला था। शाम को घर लौटते समय अचानक अंधड़ के साथ जमकर ओलावृष्टि और बारिश होने लगी। उस समय चेरमू कोकामुंडा - तालुर मार्ग स्थित मेलिया पेपड़ा नर्सरी प्लाट रोड के करीब पहुंचा ही था कि शाम 5.30 बजे तेज अंधड़ के साथ बड़े बड़े ओले गिरने लगे और बारिश होने लगी।

## छेड़छाड़ के मनचले युवक पहुंचा जेल, सारंगढ़ कोतवाली की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।




सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बरतुंगा बरभाठा, की एक महिला ने थाना सारंगढ़ में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई की गांव के ही युवक द्वारा छेड़छाड़ किया बेज्जती करने के नियत से आगे पीड़ित औरत का कहना है कि गांव के ही एक युवक के द्वारा जबरजस्ती रास्ता रोककर उसके साथ बेज्जती करने की नियत से छेड़छाड़ करने लगा वहां से जैसे तैसे भागकर पीड़ित महिला ने अपने घर पहुंचकर सारी आपबीती की घटना आपने घरवालों को बताई की गांव के एक युवक के द्वारा मेरे साथ छेड़छाड़ किया जा रहा था। फिर महिला को परिवार के सहमति के बाद कोतवाली थाना सारंगढ़ में आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। मामला की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी सारंगढ़ के द्वारा तत्काल संज्ञान में लेते हुए पुलिस टीम को युवक के गांव भेजा गया तथा युवक को घर से हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी युवक के विरुद्ध धारा 341, 354, 354 क 1 ,354 घ, 294, प च ब तहत पंजीबद्ध कर आरोपी युवक को माननीय न्यायालय में पेश कर आरोपी युवक को पुलिस अभिरक्षा में भेजा गया।

## छत्तीसगढ़ पुलिस की आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित हुई शिक्षिका प्रमिला जांगड़े


जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



कहते हैं कि प्रतिभा किसी परिचय का मोहताज नहीं होता वह अपने कदमों के आहट से अपने होने का एहसास करवा ही देती है। ऐसा ही एक कर्मठ शिक्षिका धरमजयगढ़ विकासखंड के महिला चेहरा उभर कर हर बार के तरह पुनः इस बार भी अपने नाम और काम के वजह से शिक्षा एवं जागरूकता के क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक हासिल किए हैं। आपको बता दें की प्राथमिक शाला ठाकुरनगर जोबी कापू, के शिक्षिका प्रमिला जागड़े हमेसा से अपने मेहनत लगन के कारण सुर्खियों में आते रहे हैं उत्कृष्ट अध्यापन अंगना में शिक्षा में विशेष योगदान रहे हैं। इनकी भाषा शैली मृदुभाषी व्यवहार कुशल होने के कारण विद्यार्थियों तथा पालक एवं समुदाय कर्मियों से ये सदैव विशेष सम्मान पाते रहे हैं। आपको बता दें की पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार 13 मार्च से 19 मार्च तक रायगढ़ पुलिस के द्वारा जागरूकता अभिव्यक्ति महिला के सम्मान में आयोजित सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें रायगढ़ जिले भर से 28 महिला शिक्षिका को शैक्षणिक के क्षेत्र में अंगना में शिक्षा ऑनलाइन सफ ल क्लास स्काउट गाइड विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधि जैसे खेल, योग,कला मतदान अभियान नशा उन्मूलन इत्यादि महती योजना एवं अन्य गतिविधियों में अग्रणी रहने वाले महिला शिक्षिकाओं को पुलिस अधीक्षक रायगढ़ डॉ राजेंद्र प्रसाद महापौर जानकी,बीजेपी महिला प्रतिनिधि पूनम सोलंकी, मंजू मैम के गरिमामई उपस्थिति में महिला सम्मान प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।









स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in